

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 141 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8



पेज -4 पर अवैध प्लॉटिंग के गोरखधंधे में लिप्त लोगों की बढ़ सकती ...

धरमजयगढ़, सोमवार 27 मार्च 2023

हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक .... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

### राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने का विरोध

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का सत्याग्रह, गूंजा-रघुपति राघव राजाराम, विकास उपाध्याय मुंह में ताला लगाकर पहुंचे

रायपुर। राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता रद्द किए जाने के मामले में कांग्रेस लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। रविवार को छत्तीसगढ़ में भी इस मामले को लेकर कांग्रेस ने एक दिवसीय सत्याग्रह का आयोजन किया है।

इसी कड़ी में रायपुर में कांग्रेस जिला कार्यालय के सामने कांग्रेस नेता जुटे और %रघुपति राघव राजा राम% भजन गाकर प्रदर्शन किया। वहीं पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने कोंडागांव मौन रहकर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान



संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने मुंह में ताला लगाकर अनोखे तरीके से विरोध जताया। कांग्रेसियों का कहना है कि जब लोकतंत्र में बोलने की आजादी ही खत्म कर दी गई है, तब जुबान पर ताला लगाना ही बेहतर है और केंद्र सरकार की इन्हीं अलोकतांत्रिक नीतियों का कांग्रेसी विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे और एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन के अलावा कांग्रेस के कई नेता मौजूद रहे। कांग्रेस नेता और नगर निगम सभापति प्रमोद दूबे ने कहा कि एक समय था, जब अंग्रेज बीना किसी सुनवाई के ही सजा दे दिया करते थे। ठीक ऐसा ही राहुल गांधी के साथ भी हुआ है। संवैधानिक प्रक्रिया पूरी किये बगैर निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दी। जबकि इसे पहले राष्ट्रपति के पास भेजा जाना था।

### मोहन मरकाम ने कोंडागांव में दिखाई गांधीगिरी

पीसीसी चीफ मोहन मरकाम अपने विधानसभा क्षेत्र और गृह जिला कोंडागांव में आयोजित सत्याग्रह में शामिल हुए। यहां डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मोहन ने सत्याग्रह की शुरुआत की और कांग्रेस नेता- कार्यकर्ताओं के साथ मौन रहकर विरोध प्रदर्शन किया।

### बस्तर में भी विरोध

*बस्तर के संभाग मुख्यालय जगदलपुर में भी कांग्रेस नेताओं ने सत्याग्रह किया। जगदलपुर शहर के गांधी प्रतिमा के सामने शहीद स्मारक पर स्थानीय विधायक रेखचंद जैन, महापौर सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इस प्रदर्शन में शामिल हुए। कांग्रेसियों ने यहां रघुपति राघव राजा राम गाना गाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक रेखचंद जैन ने कहा- केंद्र सरकार राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से बुरी तरह डर गई है। जिसकी वजह से इस तरह की कार्रवाई कर विपक्ष को दबाने की कोशिश कर रही है। वहीं मनेंद्रगढ़ जिले में भी मौन सत्याग्रह किया गया। विधायक गुलाब कमरो, नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल के साथ महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई कार्यकर्ता मौन धरने पर बैठे।*

### स्टील उद्योग छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़, केंद्र सरकार से कोल लिंकेज देने की मांग

## स्टील सेक्टर को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ सरकार तत्पर

### छत्तीसगढ़ सरकार की उद्योग नीति के कारण कोरोना काल में भी स्टील उद्योग ने किया बेहतर प्रदर्शन - मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को ऑल इंडिया स्टील कॉन्क्लेव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देशभर से आये स्टील उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्टील सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिये छत्तीसगढ़ सरकार तत्पर है। स्टील उद्योग छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों के दौरान स्टील उद्योग को बहुत सी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी महंगी बिजली का संकट सामने आ जाता है, कभी ईंधन का संकट सामने आ जाता है, कभी सस्ते कच्चे माल की जरूरत शिद्दत के साथ महसूस की जाती है, तो कभी कोरोना और





लॉकडाउन का संकट सामने आ जाता है। लेकिन कोरोना काल में छत्तीसगढ़ सरकार की नीति की वजह से उद्योग बंद नहीं हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को भले घाटा हो लेकिन हमने आपको बिजली में छूट दी ताकि उद्योग अच्छे से चलते रहें। हमारे राज्य से कोयला पूरे देश में जाता है, कोरोना काल मे हमने कोयला की आपूर्ति बाधित नहीं होने दी। मैं रायपुर सांसद के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि एसईसीएल से स्टील व्यवसायिओं को कोल लिंकेज मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोयला खदानों की वजह से सड़कें बहुत खराब हैं। खराब सड़कों की वजह से परिवहन बहुत महंगा हो गया है। इसलिए किसी उद्योग की स्थापना के समय सड़क को भी प्रोजेक्ट में ले लेना चाहिए।

### एक नजर

### 23 किलो गांजा के साथ यात्री गिरफ्तार



**बिलासपुर।** जीआरपी की एंटी क्राइम टीम ने रविवार को फिर गांजा तस्कर को रंगे हाथों पकड़ा है। तीन दिन में दूसरी बड़ी कार्रवाई है। शुक्रवार को टीम ने बिलासपु रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म चार-पांच में खड़ी टिटलागढ़ पैसेंजर से दो तीन यात्रियों को गांजा के साथ पकड़ा था।

### पहले अंग्रेज झुके, अब मोदी सरकार को झुकना होगा-मंडावी



**बीजापुर।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ़ सत्याग्रह किया. इस दौरान विधायक विक्रम मण्डावी, बस्तर प्राधिकरण की सदस्य नीना उद्दे समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे. विक्रम मण्डावी ने कहा कि, राहुल गांधी और कांग्रेस महात्मा गांधी के विचारों को मानने वाली पार्टी है और वे कभी नहीं डरेंगे। आगे उन्होंने कहा, केंद्र सरकार चाहती है कि, राहुल किसी भी सूरत में सदन में ना आ पाए और ना बोल पाएं. विक्रम ने कहा कि, पीएम मोदी अडानी के मामले में चुप हैं. सत्याग्रह वह ताकत है, जिसके आगे अंग्रेज भी झुके थे और अब मोदी सरकार को भी झुकना होगा. राहुल गांधी उन लोगों में शामिल हैं जिनकी दादी और पिता ने देश की भलाई के लिए अपना बलिदान दिया है.

## सस्ता चारा और नस्ल संवर्धन के साथ गोधन न्याय जैसी योजनाओं से पशुधन समृद्ध होगाः मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग जिले के अंजोरा में आयोजित दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर की प्रतिमा अनावरण एवं दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पशुओं के लिए सस्ता चारा उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किये गये तकनीकी प्रयासों की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय ने पैरा आधारित संपूर्ण आहार पैलेट का विकास किया है। यह पशुओं के लिए सुपोषित व सस्ता चारा होगा, इसके माध्यम से चारे की कीमतों में 35 प्रतिशत तक कमी आयेगी।



### प्रधानमंत्री का पुतला दहन करने की कोशिश

## भाजपा-कांग्रेस में हुई झूमा-झटकी

कुरूद। मोदी सरनेम मामले में गुजरात कोर्ट के कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दोषी करार देने और लोकसभा में सदस्यता से बर्खास्त करने के फैसले का छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में युवा कांग्रेसियों ने विरोध किया है।



कुरूद में विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष देवव्रत साहू के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय से चंद कदमों की दूरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले को आरएसएस का निकर पहनाकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन करने की कोशिश की। इस दौरान भाजपा-कांग्रेस के बीच झूमाझटकी हो गई।

रैली की शक्ल में कांग्रेस भवन से निकले कांग्रेसियों ने कारगिल चौक होते हुए भाजपा कार्यालय के पास विरोध में आवाज बुलंद कर कालिख पोतने और मोदी के पुतला जलाने की कोशिश की। उधर भाजपा कार्यालय के तरफ जाते देख भाजपाइयों ने दहाड़ते हुए कांग्रेसियों को रोकने बीच सड़क पर उतर गए और जमकर झड़प हो गई। बीच बचाव करने में जुटी जिले भर से तैनात पुलिस बल, युवा कांग्रेसियों और भाजपा कार्यकर्ताओं में झूमाझटकी की नौबत आ गई। इस प्रदर्शन को देखने के लिए काफी संख्या में आम जनता और राहगीर मौजूद रहें।

## दो ट्रकों के बीच भिड़ंत में एक के चालक-परिचालक की मौत

### दूसरे का चालक गंभीर.



**कवर्धा।** दो तेज रफ्तार ट्रकों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिसमें एक ट्रक में सवार चालक-परिचालक की मौत हो गई, वहीं दूसरे ट्रक का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल किया गया है.

जानकारी के अनुसार, नेशनल हाइवे 30 रायपुर-जबलपुर मार्ग पर पोंडी के बायपास की दुर्घटना हुई, जिसमें रायपुर की ओर से आ रही सीमेंट से लदी ट्रक मध्यप्रदेश की ओर से रायपुर की ओर जा रही पटिया से भरे ट्रक से जा टकराई.

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

### लाखों का सामान जलकर राख

रायपुर। राजधानी रायपुर के अग्रसेन चौक और रामसागरपारा के बीच गुरुदेव सेल्स कॉर्पोरेशन में आधी रात करीब 12.30 बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग ड्रायफ्रूट्स , नमकीन, मिठाई एवं कंफेक्शनरी की थोक की दुकान में लगी है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक दुकान के मालिक गौतम चंद जैन जो डी.डी.नगर में रहते है उनको रवि सिंघानिया एवं दुकान के आसपास के लोगों ने करीब एक बजे रात को फोन कर बताया कि उनकी दुकान में आग लग गयी है। इधर पुलिस पेट्रोलिंग ने आग लगने की सूचना पर बिजली विभाग एवं फायर ब्रिगेड को सूचित किया। दुकान के संचालक, पुलिस प्रशासन, अग्निशमन कर्मी और विद्युतकर्मी सभी एक साथ मौके पर तुरंत पहुंचे। रविवार सुबह करीब आठ बजे आग पर काबू पाया जा सका तब तक दुकान का फर्नीचर, स्टॉक कंप्यूटर आदि सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। इधर हादसे की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक विकास उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। फिलहाल आजाद चौक पुलिस घटनास्थल का मुआयना कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## रायपुर में चोर बाप-बेटा गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में पुलिस ने बाप-बेटा समेत तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। इन चोरों ने डीडी नगर क्षेत्र में सुनसान घर को अपना निशाना बनाया था। उन्होंने घर के मेन दरवाजे के ताले को तोड़कर चोरी की वारदात की। फिर घर से नगद और जेवरात समेत लाखों का सामान ले उड़े थे। जिसके बाद से डीडी नगर पुलिस लगातार इन चोरों की तलाश कर रही थी। डीडी नगर इलाके के सेक्टर 4 के रहने वाले राकेशधर दीवान पूरे परिवार के साथ अपने गांव गए हुए थे। उन्होंने 25 फरवरी को घर में लगाया फिर निकल गए। पीड़ित के घर के ऊपर उनके बेटी और दामाद निवास करते है।

### भूमिपूजन-लोकार्पण

### मुख्यमंत्री कंवर महोत्सव एवं किसान महासम्मेलन में हुए शामिल, कुमर्दा एवं कल्लूबंजारी में सहकारी बैंक खोलने की घोषणा

## अन्नदाताओं की खुशहाली और समृद्धि के लिए किए जा रहे लगातार कार्य-मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि अन्नदाता किसान संपन्न एवं खुशहाल रहें, इसके लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही हैं। न्याय योजनाओं के जरिए किसान, पशुपालक एवं मजदूरों की जेब में पैसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है, इससे किसानों में खुशी का माहौल है।





अन्नदाता किसान खुश होंगे तो समझिए भगवान खुश हैं। श्री बघेल आज राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड में कंवर महोत्सव एवं किसान महासम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 105 करोड़ 71 हजार रूपए की लागत के 19 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 8 करोड़ 66 लाख 39 हजार रूपए की लागत के 6 कार्यों का लोकार्पण तथा 96 करोड़ 34 लाख 32 हजार रूपए की लागत के 13 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के 165 हितग्राहियों को 2 करोड़ रूपए 56 लाख 40 हजार रूपए की सामग्री, वन अधिकार पट्टा, सामाजिक एवं अहाता निर्माण हेतु स्वीकृति आदेश तथा प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कंवर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सभी को नवरात्रि एवं रमजान पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल करने पर किसानों ने उत्सव मनाया है। सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है। पहले 55 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी होती थी, जो अब बढ़कर 107 लाख मिट्रिक टन हो गया है। राजनांदगांव जिले में किसानों की संख्या एवं रकबे में ढाई गुना बढ़ोत्तरी हुई है।





## छत्तीसगढ़ में पकड़े गए एमपी के 2 तस्कर, 2 करोड़ से ज्यादा का गांजा जब्त

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद में पुलिस ने गांजों तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. महासमुंद पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में गांजा तस्करी का पर्दाफाश किया गया है।

अंतर्राज्यीय तस्कर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. आरोपियों के कब्जे से 10 क्विंटल 50 किलो गांजा जब्त किया गया है, जिसकी कीमत 2 करोड़ 10 लाख रुपये बताई जा रही है.

दरअसल, MP के गांजा तस्कर माजदा ट्रक के अंदर तरबूज के बीच गांजे को छिपा कर ले जा रहे थे. इसी बीच सरायपाली पुलिस की टीम ने गांजा तस्करों को धर दबोचा. मुखबिर से पुलिस को जानकारी मिली थी. गांजा तस्कर तरबूज से भरा एक लाल रंग का माजदा ट्रक गांजा लेकर मध्य प्रदेश ले जा रहे हैं.



सूचना मिलते ही सरायपाली पुलिस की टीम हाईवे पर स्थिति बालसी पेट्रोल पंप के पास पहुंचकर नाकेबंदी की. संदिग्ध वाहन की आने का इंतजार करने लगी. कुछ समय बाद टीम ने पतेरापाली रोड की ओर से एक लाल रंग का माजदा ट्रक MP 19 GA 5058 को आते देखा गया, जिसे मुखबिर के निशानदेही पर घेराबंदी कर पेट्रोल पंप के पास रोका गया.

ट्रक में 2 व्यक्ति बैठे हुए थे, जिन्हें नीचे उतरवाकर उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम (1) पप्पू पाल पिता लखन पाल उम्र 35 वर्ष साकिन बसाई थाना पन्ना जिला पन्ना मध्य प्रदेश (2) लीलाधर पाल पिता महेश पाल उम्र 33 वर्ष ग्राम बसाई थाना पन्ना जिला पन्ना मध्य प्रदेश का रहने वाला बताया.

# लोकसभा चुनाव में भगवा खेमे से एक और ब्यूरोक्रेट ताल ठोंकने की तैयारी में

*उत्तर प्रदेश की नौकरशाही में आजकल एक आम चर्चा सुनने को मिल रही है। चर्चा इस बात कि है कि जल्द ही यूपी कैडर का एक नामित और चर्चित नौकरशाह जोकि कुछ ही माह में सेवानिवृत्त होने वाला है, वह जल्द ही राजनीति के मैदान में अपनी दूसरी 'पारी' शुरू कर सकता है। यह वही अधिकारी है जिसने सपा प्रमुख मुलायम सिंह के एक इशारे पर अखिलेश सरकार के समय लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे मात्र ढाई वर्षों में तैयार करा दिया था, जिस पर जगुआर जैसे फाइटर प्लेन तक की लैंडिंग कराई गई थी। यही नौकरशाह कोरोना काल में खादी विभाग के प्रमुख सचिव रहते आनन-फानन में पचास लाख खादी के मास्क तैयार कराने की महत्वाकांक्षी योजना को हकीकत में बदलकर योगी का विश्वास पात्र बन गया था, जबकि इस नौकरशाह को सपा का करीबी समझ कर मुख्यमंत्री योगी ने पहले हाशिये पर डाल रखा था और खादी विभाग जैसा कम महत्वपूर्ण महकमा सौंपा था।*

कोरोना के खिलाफ जंग में खादी का सुरक्षा कवच (मास्क) तैयार करने वाले इस ब्योरोक्रेट के चलते ही यूपी इसी काल खण्ड में रैपिड टेस्टिंग किट से कोविड-19 की जांच करने वाला पहला प्रदेश बन पाया था। योगी ही नहीं सपा-बसपा और पूर्व की भाजपा सरकार के दौरान भी इस नौकरशाह का खूब सिक्का चला। कल्याण सिंह सरकार में इस नौकरशाह को फैजाबाद जैसे महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इस दौरान यह अधिकारी अयोध्या में राम जन्मभूमि से जुड़े साधू-संतों के काफी करीब आ गया। यह अधिकारी लखनऊ जैसे महत्वपूर्ण जिले में डीएम रहा। 2007 में बसपा सरकार बनने पर केन्द्र से पांच आईएएस यूपी लौटे जिनमें से एक नाम इस अधिकारी का भी शामिल था। यह अधिकारी अपने नाम से नहीं, काम के चलते सुर्खियां बटोरता है। सरकार किसी भी पार्टी की हो, यह अपना काम पूरी ईमानदारी से करता मिल जाता है। इस अधिकारी के बारे में यहां तक कहा जाता है, जहां रहेगा वहीं रोशनी लुटाएगा, किसी चराग का अपना मकां नहीं होता।'' यह अधिकारी और कोई नहीं पंजाब में जन्मे और 1988 बैच के यूपी कैडर के अधिकारी नवनीत सहगल हैं जो कुछ माह बाद 31 जुलाई 2023 को रिटायर होने वाले हैं। सहगल को सेवा विस्तार मिलने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है, ऐसा इसलिए है क्योंकि सहगल भी अब 'नौकरशाही छोड़कर 'राजशाही' का स्वाद चखना चाहते हैं। आईएएस नवनीत सहगल के बारे में कहा जा रहा है कि ब्यूरोक्रेसी से सेवानिवृत होने के बाद वह भी अन्य कुछ नौकरशाहों की तरह भगवा रंग में रंग सकते हैं। इस बात या चर्चा में इसलिए दम भी लगता है क्योंकि



हाल फिलहाल में 2022 के विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही कानपुर के कमिश्नर असीम अरुण ने वीआरएस के लिए आवदेन किया तो प्रवर्तन निदेशालय के जॉइंट डायरेक्टर राजेश्वर सिंह का भी वीआरएस आवदेन स्वीकार कर लिया गया। अब दोनों बीजेपी से विधायक हैं और एक तो मंत्री भी हैं।

पिछले कुछ वर्षों से यह देखने में आ रहा है कि बीजेपी आलाकमान पूर्व नौकरशाहों को केन्द्र और राज्यों की राजनीति में लाकर अपनी केन्द्र और राज्यों की सरकारें चलाने के लिए इनके अनुभव का खूब फायदा उठा रहा है। इस कड़ी में कई नौकरशाहों के नाम गिनाए जा सकते हैं। वैसे नौकरशाहों का राजनीति से प्रेम नया नहीं है। इसकी शुरुआत करीब 70 वर्ष पूर्व हो गई थी, जब 1952 में फैजाबाद के जिलाधिकारी केकेके नायर (आईसीएस जो अब आईएएस कहलाते हैं) रिटायर्ड होने के बाद जनसंघ में शामिल हो गए थे। हाल फिलहाल में 2022 के विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही कानपुर के कमिश्नर असीम अरुण ने वीआरएस के लिए आवदेन किया तो प्रवर्तन निदेशालय के जॉइंट डायरेक्टर राजेश्वर सिंह का भी वीआरएस आवदेन स्वीकार कर लिया गया। अब दोनों बीजेपी से विधायक और मंत्री भी हैं।

पुरानी बात की जाए तो 1967 में जनसंघ के टिकट पर बहराइच से लोकसभा सांसद बने श्रीश चंद्र दीक्षित जो कि आईपीएस रहे, वह पहले बीजेपी में आए और बाद में विश्व हिन्दू परिषद यानी विहिप में चले गए। विहिप के ही नेता अशोक सिंघल के भाई बीपी सिंघल जो कि आईपीएस थे उनको बीजेपी ने राज्यसभा भेजा। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के बेहद करीबी अधिकारी नीरा यादव के आईपीएस पति महेंद्र सिंह यादव भी बीजेपी में शामिल हुए। इस लिस्ट में कई सारे पूर्व नौकरशाहों के नाम जुड़े रहे हैं, जिसमें अरविंद शर्मा यानी ए0के0शर्मा भी कम खास नहीं हैं, जो कि गुजरात कैडर के आईएएस रहे हैं।

वह योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में नगर विकास जैसे महत्पूर्ण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चहेते नौकरशाह अरविंद कुमार शर्मा उत्तर प्रदेश में करीब चार वर्ष पूर्व विधान परिषद चुनाव के समय अचानक प्रकट हुए थे। चट से वीआरएस लिया, पट से भाजपा में शामिल हुए और दूसरे ही दिन विधान परिषद के टिकट से निर्विरोध उत्तर प्रदेश विधान परिषद के माननीय सदस्य बन गए। अरविंद कुमार शर्मा मऊ के काजाखुर्द गांव के रहने वाले हैं। गुजरात कैडर, मुख्यमंत्री कार्यालय तथा केंद्र में प्रधानमंत्री कार्यालय में रहकर शर्मा मऊ के लिए कुछ नहीं कर सके। अब मंत्री बनने के बाद नई पारी में उनकी परीक्षा होनी है। क्योंकि शीर्ष नेतृत्व उन्हें यूं ही प्रदेश में स्वैच्छिक सेवानिवृति दिलाकर नहीं लाया है। भविष्य की राजनीति में वह हिंदुत्व के एजेंडा के साथ विकास का एजेंडा भी सेट करना चाह रहा है। ज्ञातव्य हो कि अरविंद्र कुमार शर्मा के भाजपा में शामिल होने पर कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने सवाल उठाया था कि 'शर्मा को बताना चाहिए कि वे अब तक सरकारी सेवा कर रहे थे या एक पार्टी की सेवा में लगे थे।' नौकरशाहों का उत्तर प्रदेश के लिए राजनीतिक प्रेम वर्षों पहले दिखाई पड़ने लगा था। इसकी शुरुआत सात दशक पूर्व केकेके शर्मा से हुई थी।

अजय कुमार

## संपादकीय

### सामयिक : इतना लोभ कहां से आया

पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व प्रिंसिपल सेक्रेटरी अमन सिंह के विरु द्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जन के मामले में दर्ज एफआईआर रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को पलटते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने देश में फैले लोभ-लालच को लेकर बेहद कड़ी टिप्पणी की। मामले की सुनवाई कर रही न्यायालय की न्यायमूर्ति एस रवीन्द्र भट व न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की दो सदस्यीय बेंच ने यह तक कहने से संकोच नहीं किया कि लोभ-लालच और उनकी जाई अतृप्ति ने न सिर्फ भ्रष्टाचार को समाज का कैंसर बल्कि संविधान की प्रस्तावना में लिये गये धन के समान वितरण व सामाजिक न्याय के संकल्प को दूर का सपना बना डाला है। कई हलकों को उम्मीद थी कि बेंच की इन तल्ख टिप्पणियों के बाद देश में लोभ-लालच, जिन्हें प्राय: सारे धर्मो में अज्ञानता जैसा ही दु:ख का कारण बताया गया है, को लेकर व्यापक बहस छिड़ेगी, साथ ही उससे निजात के उपायों पर भी गंभीर विचार विमर्श आरंभ होगा। लेकिन अफसोस कि ऐसा कुछ भी होता नहीं दिखाई दे रहा और इस तक पर विचार नहीं किया जा रहा कि 'ज्यादा का नहीं लालच हमको' वाली परम्परागत पहचान के बरक्स हमारे देश में इतना लोभ-लालच भला आया कहां से? और क्या न सिर्फ सत्ता, राजनीति, उद्योग व व्यापार, बल्कि खेलों के मैदानों तक में अनैतिकता, मूल्यहीनता व भ्रष्टाचार वगैरह की जिन दुर्घटनाओं से हम प्राय: दो चार होते रहते हैं, वे वास्तव में लोभ-लालच के विकराल हो जाने होने से घट रही एक ही महा-दुर्घटना की अलग-अलग परिणतियां हैं। प्रसंगवश, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने इस महा-दुर्घटना को आजादी की पहली वषर्गांठ के अवसर पर ही पहचान लिया था।

# हाथियों की घटती संख्या खतरे की घंटी, बढ़ सकता है जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

*पिछले कुछ सालों से जबसे सोशल मीडिया के जरिये रील का प्रचलन बढ़ा है, तबसे ऐसे दृश्य भी सामने आए हैं, जब मोबाइल फोन लिए लोग हाथी के पीछे दौड़ रहे हैं, या हाथियों का झुंड लोगों की ओर। ऐसी घटनाएं पिछले कुछ सालों में बढ़ी हैं। हाल ही में असम सरकार ने विधानसभा में एक चौंकाने वाला आंकड़ा पेश किया। सरकार ने कहा कि असम में 2001 से 2022 तक 1,330 हाथियों की मौत हुई है। यह खतरे की घंटी है।*

यह इसलिए, क्योंकि अगर अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में हुए शोध पर यकीन करें, तो दुनिया में हाथी ही एक मात्र जीव है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से मानव जाति को बचा सकता है। जबसे इन्सान ने अत्याधुनिक मशीनों के जरिये जंगलों की बर्बादी शुरू की है, तबसे वन्य जीव और मानव के बीच टकराव बढ़ा है। जंगली पशुओं को आज जंगल में भोजन नहीं मिल पा रहा है। जंगल के अंदर जो प्राकृतिक जलाशय, पोखर, तालाब, नद और नाल थे, सूखने लगे हैं। छोटे-छोटे पशु तो अपनी भूख मिटा लेते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत अगर किसी पशु को हो रही है, तो वह है हाथी। ऐसी स्थिति में जंगली पशु खासकर हाथी कहां जाएं। इस कारण मानव और हाथियों का संघर्ष पिछले कुछ सालों में बढ़ा है।

देश में असम की पहचान एक हाथी वाले प्रदेश के रूप में होती



असम में 2001 से 2020 के दौरान 1,330 हाथियों की मौत हुई। एक शोध बताता है कि हाथियों की संख्या घटने से जलवायु परिवर्तन का प्रभाव बढ़ सकता है। लिहाजा इस आंकड़े को गंभीरता से देखने की जरूरत है।

है। यह वही असम है, जहां पर पिछले वर्ष एक भी गैंडे की मौत नहीं होने पर सरकार की पीठ स्वयं प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी ने थपथपाई थी। लेकिन इसी राज्य में दो दशक के दौरान 1,330 हाथियों की मौत के आंकड़े किसी भी वन्यजीव प्रेमी और पूरी मानवता के लिए चिंता का विषय हैं। जो जानकारी विधानसभा में रखी गई, उसके मुताबिक केवल 509 हाथियों की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई, जबकि 261 हाथियों की मौत अज्ञात कारणों से हुई है। 102 हाथियों की मौत रेलगाड़ियों की चपेट में आने से हुई, जबकि 65 हाथियों को जहर देकर मारा गया, वहीं 40 हाथियों का इस दौरान शिकार किया गया। 202 हाथियों की मौत बिजली के संपर्क में आने से हुई, जबकि आकाशीय बिजली गिरने से 18 हाथी काल का शिकार हुए। असम के वनमंत्री चंद्रमोहन पटवारी ने सदन को जानकारी दी कि सबसे अधिक हाथियों की मौत (107) 2013 में, उसके बाद 2016 में 97 और 2014 में 92 हाथियों की मौतें हुईं।

असम में हर साल मानव-पशु संघर्ष में औसतन 70 से अधिक लोगों और 80 से अधिक हाथियों की मौत हो जाती है। अगर बात करें वर्तमान में असम में हाथियों की संख्या की, तो यहां 5,700 से कुछ अधिक हाथी ही रह गए हैं। मंत्री ने केवल आंकड़े ही नहीं गिनाए बल्कि इसका कारण भी बताया कि हाथियों के प्राकृतिक वास में मानव के बढ़ते दखल ने पशुओं को भोजन की तलाश में बाहर निकलने के लिए बाध्य किया है, जिसके परिणामस्वरूप उनका मानव से संघर्ष होता है। उल्लेखनीय है कि इस समय देश में 33 हाथी अभयारण्य हैं और 12 सौ वर्ग किलोमीटर में ये फैले हुए हैं। 12 अगस्त दुनिया में हाथी दिवस के रूप में मनाया जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2017 में की गई हाथियों की गणना के मुताबिक देश में हाथियों की संख्या करीब 30 हजार है। एक रिसर्च में पाया गया कि हाथी जंगल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिक वायुमंडलीय कार्बन एकत्रित करने और वन की जैविक विविधता को कायम रखने के लिए उनकी बड़ी भूमिका रहती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि हाथियों की संख्या कम होती है और अगर हाथी विलुप्त हो गए, तो ऐसी स्थिति में वायुमंडलीय कार्बन का प्रभाव बढ़ सकता है। अमेरिका के सेंट लुइस विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पृथ्वी के लिए हाथी के महत्व को रेखांकित किया है। इस शोध के वरिष्ठ लेखक स्टीफन ने अपने करिअर का अधिकतर समय हाथी के अध्ययन में बिताया है।

एन अर्जुन

## मिला जुला

### एक नजर

#### रामनवमी के शोभायात्रा के रूट में होगा परिवर्तन



**भागलपुर.** भागलपुर में रामनवमी, चैती छठ, चैती दुर्गा पूजा और रमजान के त्योहार को सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल सभाकक्ष में अधिकारियों व शांति समिति के सदस्यों के साथ अहम बैठक आयोजित की गई। इसमें कई तरह के बातों पर चर्चा की गई। इस वर्ष रामनवमी में निकलने वाले शोभायात्रा के रूट में भी परिवर्तन देखने को मिलेगा। जिस रूट में पिछले वर्ष विवाद हुआ है, वहां यात्रा नहीं जाने दिया जायेगा। सभी थानाध्यक्ष से अपने अपने क्षेत्र का डिटेल भी मांगा गया है। साथ ही सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था रहेंगे। अतिरिक्त फोर्स लगाए जा रहे हैं।

#### राहुल गांधी की सांसदी जाने के बाद हल्ला बोल, देशभर में कांग्रेस का 'सत्याग्रह'

**नई दिल्ली** । राहुल गांधी की सांसदी जाने के बाद कांग्रेस ने हल्ला बोल दिया है। पार्टी के कार्यकर्ता देशभर में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्टी के अनुसार, राहुल गांधी के प्रति एकजुटता दिखाते हुए यह 'संकल्प सत्याग्रह' सभी राज्यों और जिलों में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के सामने हो रहा है। यह सुबह शाम 5 बजे तक चलेगा।
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस के कई अन्य नेता दिल्ली में राजघाट पर आयोजित संकल्प सत्याग्रह' में शामिल हुए हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस ने सत्याग्रह की इजाजत नहीं दी है। पुलिस ने धारा 144 का हवाला दिया है।

# इसरो के सबसे बड़े रॉकेट ने 36 सैटेलाइट को किया लॉन्च

**श्रीहरिकोटा ( आंध्र प्रदेश ).** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के सबसे बड़े LVMx रॉकेट ने वनवेब के 36 सैटेलाइट को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया. यह रॉकेट रविवार सुबह 9.00 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया. ब्रिटेन की नेटवर्क एक्सेस एसोसिएट्स लिमिटेड (वनवेब ग्रुप कंपनी) ने पृथ्वी की निचली कक्षा में 72 सैटेलाइट्स प्रक्षेपित करने के लिए इसरो की कमर्शियल यूनिट न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड के साथ एक करार किया है. इसी करार के तहत ये 36 उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किए जा रहे हैं. इससे पहले 23 अक्टूबर 2022 को वनवेब ग्रुप कंपनी के लिए पहले 36 उपग्रह प्रक्षेपित किए गए थे. इसरो को इस लॉन्चिंग के एवज में 1000 करोड़ रुपये की फीस मिली है. इसरो ने इससे पहले शनिवार को जारी नोटिफिकेशन में



कहा, 'LVM-3/वनवेब इंडिया-2 मिशन. उल्टी गिनती शुरू हो गई है.' चेन्नई से करीब 135 किलोमीटर दूर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में दूसरे लॉन्च पैड से 26 मार्च को सुबह नौ बजे 43.5 मीटर लंबे रॉकेट से इन उपग्रहों को प्रक्षेपित किया जाएगा. वहीं वनवेब के अनुसार, रविवार का प्रक्षेपण 18वां और इस साल का तीसरा प्रक्षेपण होगा तथा इससे पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के समूह की पहली पीढ़ी पूरी हो जाएगी. इसरो के लिए 2023 का यह दूसरा प्रक्षेपण होगा.

*वनवेब ने कहा, '17 प्रक्षेपण पूरे हो गए हैं. एक अहम प्रक्षेपण बचा है. इस रविवार इसरो तथा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड में अपने सहकर्मियों के साथ 36 और उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के साथ पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हमारे उपग्रहों की संख्या 616 हो जाएगी जो इस साल वैश्विक सेवाएं शुरू करने के लिए पर्याप्त है.'*

### यूक्रेन की बर्बादी का रूसी प्लान,

# बेलारूस में परमाणु हथियार तैनात करने जा रहा रूस, भेजे मिसाइल सिस्टम

**नई दिल्ली.** यूक्रेन और रूस के बीच जारी सालभर पुरानी लड़ाई में परमाणु हमले की आशंका गहरा गई है। रूस ने अपने पड़ोसी और मित्र राष्ट्र बेलारूस में परमाणु हथियार तैनात करने की डील की है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को कहा है कि उन्होंने पड़ोसी देश बेलारूस के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत उनका देश यूक्रेन के उत्तर में स्थित बेलारूस में परमाणु



हथियार तैनात करेगा। इसके साथ ही पुतिन ने कहा है कि बेलारूस में परमाणु हथियारों की तैनाती परमाणु निरस्त्रीकरण समझौतों का उल्लंघन नहीं होगा क्योंकि यूरोप में कई जगहों पर अमेरिका ने पहले से ही परमाणु हथियार तैनात कर रखे हैं। पुतिन ने कहा कि परमाणु हथियारों का कंट्रोल रूस बेलारूस के हाथों में नहीं देगा। उन्होंने कहा,'हम इस बात पर सहमत हुए हैं कि हम भी वैसा ही करेंगे। मैं जोर देता हूं कि दायित्वों का उल्लंघन किए बिना परमाणु हथियारों के अप्रसार पर हम अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे।' रूसी सरकारी टेलीविजन पर राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि इज्ञह के देश पोलैंड से सटे बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लूकाशेन्को लंबे वक्त से कहते रहे हैं कि रूस को भी बेलारूस में परमाणु हथियारों की तैनाती करनी चाहिए। पुतिन ने कहा कि आगामी एक जुलाई तक बेलारूस में परमाणु हथियारों के भंडारण के लिए निर्माण कार्य पूरा कर लेगा। अल जजीरा के मुताबिक, उन्होंने यह भी कहा कि अगर कीव को पश्चिमी देशों से ऐसे हथियार मिलते हैं तो वह यूक्रेन में यूरेनियम गोला-बारूद भी तैनात करेंगे। उनकी टिप्पणी ब्रिटेन के उस घोषणा के बाद आई है, जिसमें कहा गया है कि यूके यूक्रेन को टैंक रोधी गोले की सप्लाई करेगा।

### पाकिस्तान में युवक को मौत की सजा

# ग्रुप पर शेयर किया था ईशनिंदा कंटेंट

**नई दिल्ली.** पाकिस्तान में एक मुस्लिम व्यक्ति को व्हाट्सएप ग्रुप पर ईशनिंदा कंटेंट शेयर करने के लिए मौत की सजा दी गई है. उसे शुक्रवार को पेशावर की एक अदालत ने इलेक्ट्रॉनिक अपराध रोकथाम अधिनियम और आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत दोषी ठहराया. सैयद मुहम्मद जीशान के रूप में पहचाने जाने वाले दोषी को पाकिस्तान में ईशनिंदा के बेहद संवेदनशील मुद्दे पर अदालत के फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार है. अदालत के आदेश में कहा गया है, 'हिरासत में सैयद ज़काउल्लाह के बेटे सैयद मुहम्मद जीशान को दोषी ठहराया गया है और दोषी पाए जाने के बाद सजा सुनाई गई है'. इसकी एक प्रति न्यूज एजेंसी द्वारा प्राप्त की गई थी. उत्तर-पश्चिम शहर मर्दन के निवासी जीशान पर 1.2 मिलियन का जुर्माना भी लगाया गया और कुल 23 साल की कैद की सजा दी गई. उनके वकील ने एजेंसी को बताया कि पंजाब प्रांत के तालागंग के निवासी मुहम्मद सईद ने दो साल पहले संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के साथ एक आवेदन दायर किया था, जिसमें जीशान पर एक व्हाट्सएप ग्रुप पर ईशनिंदा कंटेंट पोस्ट करने का आरोप लगाया गया था.

### आज रात फिर तूफान आने की आशंका

# अमेरिका में टॉरनेडो से 26 लोगों की मौत, गोल्फ बॉल जितने बड़े ओले पड़े

मिसिसिपी. अमेरिका के मिसिसिपी में शुक्रवार देर रात आए टॉरनेडो की चपेट में आने से 26 लोगों की मौत हो गई। इलाके में तेज बारिश के बीच गोल्फ बॉल जितने बड़े ओले गिरे।

हजारों लोगों के घरों की बिजली चली गई। शनिवार को इमरजेंसी सर्विसेज ने मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया। हालांकि, टॉरनेडो से तबाह हुई इमारतों में अभी भी कई लोगों के दबे होने की आशंका



है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अधिकारियों से बात करके जल्द से जल्द मदद पहुंचाने के आदेश दिए। इमरजेंसी सर्विसेज ने बताया है कि खतरनाक तूफान के चलते दर्जनों लोग घायल हुए हैं और कई लोग लापता हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। उधर, आज यानी रविवार रात को यहां फिर तूफान आने की आशंका है.

### साबरमती जेल पहुंची यूपी एसटीएफ

# उमेश की हत्या से पहले यहीं से वॉट्सऐप पर बात की थी

अहमदाबाद/लखनऊ. गैंगस्टर अतीक अहमद को गुजरात जेल से उत्तर प्रदेश लाने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश पुलिस रविवार को अहमदाबाद की साबरमती जेल पहुंच गई है।

सूत्रों के मुताबिक, अतीक को जबरन वसूली और दंगा भड़काने के केस में प्रयागराज की कोर्ट में पेश होना है। इसके लिए यूपी पुलिस अहमदाबाद पहुंची है। अतीक का नाम उमेश पाल की हत्या में भी शामिल है। इस केस में भी उसकी गिरफ्तारी की जा सकती है। पूछताछ के बाद ट्रांसफर वारंट पर अतीक को उत्तर प्रदेश लाया जा सकता है। अतीक को जून 2019 में साबरमती जेल शिफ्ट किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 22 अप्रैल 2019 को आदेश दिया था कि अतीक को देवरिया जेल से गुजरात में उच्च सुरक्षा वाली जेल में शिफ्ट किया जाए। अतीक पर रियल एस्टेट व्यवसायी मोहित जायसवाल के अपहरण और हमले की साजिश रचने का आरोप था।

24 फरवरी की शाम प्रयाग राज में उमेश पाल की हत्या की गई थी आरोपियों में शामिल गैंग का मोस्ट वांटेड अतीक का बेटा असद और उसके शार्प शूटर अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

# मुख्यमंत्री ने पनगांव में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ

## संसदीय सचिव शकुंतला साहू बतौर प्रमुख अतिथि की रही उपस्थिति

जोहार छत्तीसगढ़- बालौदाबजार।

**छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पनगांव में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क यानी रीपा का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने सरगांव मुंगेली से वर्चुअल माध्यम से ग्राम पनगांव में शासन की महत्वकांक्षी योजना रीपा का शुभारंभ किया।**





कार्यक्रम के दौरान संसदीय सचिव एवं कसडोल विधायक सुश्री शकुन्तला साहू बतौर प्रमुख अतिथि शामिल हुई। इस अवसर पर लोकेश कन्नौजे अध्यक्ष छग रजक कल्याण बोर्ड राकेश वर्मा अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार परमेश्वर यदु जिला पंचायत सदस्य हितेंद्र ठाकुर जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार खिलेंद्र वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी देवीलाल बारवे महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी प्रताप डहरिया उपाध्यक्ष अनु जाति प्रकोष्ठ जिला कांग्रेस सुनील कुर्रे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी कोमल वर्मा जनपद सदस्य दीप्ति प्रेमराव मराठा सरपंच ग्राम पंचायत पनगांव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संसदीय सचिव शकुन्तला साहू ने उपस्थितजनों को अपने संबोधन में बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी ग्राम योजना अंतर्गत एनजीजीबी कार्यक्रम के तहत निर्मित गोठान के तीन चरण हैं। प्रथम चरण में गोठान को पशु संरक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। द्वितीय चरण में वर्मी कंपोस्ट और अन्य संबंधित उत्पादन केंद्र बनाया गया है एवं तृतीय चरण में गोठानों को महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिले में प्रत्येक विसकासखंड में दो रीपा का निर्माण किया जा रहा है। शासन से इस हेतु प्रति रीपा 2 करोड़ के मान से स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस राशि से अधोसंरचना विकास, प्लांट एवं मशीनरी, सीड केपिटल, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, प्रचार-प्रसार एवं ब्रांड प्रमोशन, उत्पाद विक्रय हेतु मार्केटिंगए लाजिस्टिक एवं सप्लाई चेन विकसित करने एवं तकनीकी सहायता एजेसी की सेवाएं लेने पर खर्च किया जाना है। जिससे ग्रामीण बेरोजगारों, समूह सदस्यों को आजीविका के साधन उपलब्ध कराते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्व रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।उन्होंने आगे कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार, राज्य में कृषि के विकास एवं किसानों की बेहतरी के लिए कृत संकल्पित है। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार लगातार किसान हित में फैसला ले रही है। जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसान समृद्ध हो रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष किसानों की फसल का 2640 रुपये प्रति क्विंटल की दर से पैसे दिए जा रहे हैं तथा आने वाले 1 नवंबर से 2800 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों ले धान की खरीदी की जा सकती है तथा मुख्यमंत्री ने प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी करने की घोषणा की है जिससे प्रदेश के समस्त किसानों में हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री ने मातृशक्ति को सम्मान करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं मितानिनों, रसोइयों के मानदेय में बढ़ोतरी की है। उन्होंने प्रदेश के बेरोजगारों को जिनकी परिवार की आय ढाई लाख से कम हैए प्रतिमाह ढाई हजार मासिक बेरोजगारी भत्ता देने का घोषणा किया है। जिससे लाखों बेरोजगार लाभान्वित होंगे।

कार्यक्रम के दौरान हरिशंकर चौहान प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलोदाबाजार सुश्री रोमा श्रीवास्तव एसडीएम बलौदाबाजार रवि कुमार सीईओ जनपद पंचायत बलोदाबाजार भागीरथी प्रजापति वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डीपी साहू इंद्रदेव वर्मा सुनील डहरिया अध्यक्ष गौठान समिति त्रिभुवन वर्मा चंद्रिका बंजारे नोहर अवधिया प्रेम राव मराठा सरपंच प्रतिनिधि राजेश सेन माधव अवधेलिया बाबू राम साहू पीआरपी अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिला स्व सहायता समूह के सदस्यगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पेपर दिला रही बालिका को भगाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा** । 23 मार्च 2023 को प्रार्थी थाना हरदीबाजार उपस्थित आकर इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने पुत्री को 21 मार्च 2023 को कक्षा दसवीं का पेपर दिलाने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाईबाजार छोड़े थे इसके कुछ समय बाद स्कूल से प्रार्थी के पास फोन आया कि प्रार्थी के पुत्री पेपर में अनुपस्थित है तब प्रार्थी स्कूल में जाकर पता किया तो इसके पुत्री नही थी, पता करने पर श्यामनगर दर्री निवासी नितेश कुमार राठौर के ऊपर संदेह होना बताया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना हरदीबाजार में अपराध क्रमांक 77/2023 धारा 363 भादवि. कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर मर्गदर्शन प्राप्त करने पर आरोपी का त्वरित गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

### 14 दिन में पूरी की कोरबा से अयोध्या 712 किलोमीटर की पदयात्रा, हुए सम्मानित

**कोरबा** । अपने संकल्प पथ पर कदम.दर.कदम आगे बढ़ते हुए 14 दिन में कोरबा से अयोध्या तक 712 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर लौटने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक जयप्रकाश पटेल को सम्मानित किया गया है। उन्हें अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने शालए श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक ने उनसे अपनी यात्रा के अनुभव भी साझा किए। यात्रा वृत्तांत सुनकर अभिभूत हुए आचार्य वाजपेयी ने उन्हें जीवन में उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर रहने प्रेरित किया। जयप्रकाश की यात्रा वृत्तांत अब विश्वविद्यालय की ओर से पुस्तक के रूप में प्रकाशित होगी। भारत को जानने तथा राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की अपनी मुहिम के तहत कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा के वरिष्ठ रासेयो स्वयंसेवक जयप्रकाश पटेल ने कोरबा से अयोध्या तक धर्मपथ की साहसिक पदयात्रा की। इस सफलता पर उन्हें विश्वविद्यालय आमंत्रित किया गया था। स्वयं कुलपति ने उन्हें शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

यात्रा की प्रेरणा और उससे मिले अनुभव के बाद विकसित सोच, स्वयंसेवक के पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में छत्तीसगढ़ी भाषा में जानकारी ली। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शैलेंद्र दुबे, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक एएस कबीर, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा विपिन ब्यौहार, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डा मनोज सिन्हा, केएन कालेज के प्राचार्य डा प्रशांत बोपापुरकर, रासेयो जिला संगठक वायके तिवारी, छात्रा कार्यक्रम अधिकारी प्रीति द्विवेदी तथा विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

### पूर्व सांसद पोटाई को सर्व आदिवासी समाज ने दी श्रद्धांजलि

**नगरी** । सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद स्व. सोहन पोटाई के श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक- नगरी, जिला धमतरी के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। जिसमें विशेष रूप से अध्यक्ष उमेश देव सर्व आदिवासी समाज, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रभाग उपाध्यक्ष वेदप्रकाश ध्रुव,हेमंत तुमरेटी, जिला युवा अध्यक्ष प्रमोद कुंजाम,संतोष कुंजाम,हेमंत ध्रुव,तहसील युवा अध्यक्ष संत कुमार नेताम,नरेंद्र नेताम आदि सम्मिलित हुए।समाज को पोटाई जी के नक्शे कदम में चलने का संकल्प लिया गया एवं समाज से भी अपील है उनके विचारों पर आगे दशा एवं दिशा में सहभागिता प्रदान करेंगे।

# बारिश को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, 11 जिलों में दिख सकता है असर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पिछले एक सप्ताह से मौसम का मिजाज रोजाना बदल रहा है. पिछले दो दिनों से तेज गर्मी के बाद आज अचानक मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार उत्तर छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने के साथ बारिश की चेतावनी है। लोगों इसके होने वाले प्रभाव और खुद को कैसे बचाना है इसके लिए भी मौसम विभाग ने सतर्क रहने के लिए कहा है.



### मौसम विभाग का जारी किया अलर्ट

दरअसल रविवार दोपहर रायपुर मौसम विभाग ने एक अलर्ट जारी किया है. इसके अनुसार इसका असर राज्य के 11 जिलों में दिख सकते हैं. आज शाम गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और बिजली गिरने की प्रबल संभावना है. इसलिए लोगों को सतर्क रहने के लिए मौसम विभाग की तरफ से रविवार को अलर्ट जारी किया गया है। रायपुर मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार अगले कुछ घंटे प्रदेश के कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर सरगुजा, जशपुर, कबीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा और रायगढ़ जिलों में एक- दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और बिजली गिरने की प्रबल संभावना है. यानी इसका प्रभाव क्षेत्र सरगुजा और बिलासपुर संभाग के जिले होंगे. रायपुर के मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया है कि ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण हरियाणा और उससे लगे राजस्थान के ऊपर स्थित है।

# महिला सोनी समाज ने शीतला माता मंदिर में किया सुहाग ली पूजा

जोहार छत्तीसगढ़- बलौदाबाजार।

बलौदाबाजार जिले में सोनी समाज की महिलाओं द्वारा स्थानीय शीतला माता मंदिर सुहाग ली माता का पूजा कार्यक्रम रखा गया। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आमंत्रित सोनी समाज की 51 महिलाओं ने अपनी मनोकामना की सिद्धि हेतु देवी माता का विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान समाज की महिलाओं द्वारा भजन एवं जस गीत भी गाया। इस अवसर पर सोनी समाज की महिलाएं शारदा सोनी, आरती सोनी, रुकमणी सोनी, सरस्वती सोनी, साधना सोनी,लता सोनी, पूनम सर्राफ,बबीता सोनी, गीता सोनी,रेखा सोनी, विद्यांचल सोनी,स्मिता सोनी, प्रगति सोनी, सुशीला सोनी, अंजू सोनी, मीना सोनी, वर्षा सोनी, नेहा सोनी,मोना सोनी मोनालिसा सोनी, शैली सर्राफ ,सुमन सोनी,मंजू सोनी,नीतू सोनी,आस्था सोनी, विजेता सोनी, नेहा सोनी, गोल्डी सोनी अपर्णा सोनी एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही।



# क्षय नियंत्रण के लिए बस्तर को मिला कांस्य पदक

**जगदलपुर।** क्षय नियंत्रण के लिए बस्तर जिले को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाए छत्तीसगढ़ शासन राज्य क्षय उन्मूलन कार्यालय के द्वारा छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के कार्य उपलब्धियों की समीक्षा किया गया। प्रत्येक वर्ष स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय सेंट्रल टीबी डिवीजन के एनटीइपी गाइडलाइन अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट टीबी सेल के द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में निर्धारित 9 इंडिकेटर के 100 नंबर में सभी जिलों का वार्षिक रेंकिग जारी किया जाता है। वर्ष 2022 के मूल्यांकन में जिला बस्तर 9 इंडिकेटर के 100 नंबर में से 85.1 नंबर प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान पर रहा। वर्ष 2022 के कार्य उपलब्धियों के लिए जिला बस्तर को बेस्ट परफॉर्मिंग डिस्ट्रिक्ट 2022 अवार्ड प्रदाय किया गया है। 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस सम्मेलन 2023 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जिला बस्तर को सब नेशनल सर्टीफीकेशन फार टीबी ईलीमीनेशन अवार्ड का ब्रॉज मेंडल प्रदाय किया गया है। प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को टीबी रोग के संबंध में जन जागरूकता हेतु विश्व क्षय रोग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में राज्य से प्राप्त दिशानिर्देशानुसार जिला बस्तर में 24 मार्च 2023 को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में वर्ल्ड टीबी डे के थीम वी कैन ईन्ड टीबी पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।



# मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रूप से रीपा का किया शुभारंभ

## ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

**दंतेवाड़ा** । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मुंगेली जिले के सरगांव से भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से प्रदेश में रीपा का शुभारंभ किया। इसी के तहत दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत ग्राम भैरमबंद में लोकार्पण करते हुए रीपा की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी एवं महात्मा गांधी की छायाचित्र पर पूजा कर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार, जिला पंचायत सीईओ श्री ललितादित्य नीलम, सरपंच श्रीमती जयंती नाग सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



तत्पश्चात जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर श्री नंदनवार के द्वारा बायो फर्टिलाइजर और बायो पेस्टीसाइड प्रसंस्करण यूनिट कक्ष का रिबन काटा गया। इसके साथ ही रिपा पार्क में ही कलेक्टर के द्वारा आम के पौधा का रोपण किया गया।

महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रिपा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से है। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और महिलाओं एवं युवाओं को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंडों में 02-02 रिपा का स्थापना किया जा रहा है।

पाटेश्वर धाम में नव कुंडीय विष्णु महायज्ञ का आयोजन

# तैयारियों को लेकर संत राम बालक दास बेमेतरा प्रवास पर

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।

जामड़ी पाटेश्वर धाम के संत श्रीराम बालक दास के ग्राम हसदा नेवनारा आगमन पर किसान नेता योगेश तिवारी ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने संत से आशीर्वाद लेने के साथ क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। धर्मांतरण, लव जिहाद समेत अन्य मुद्दों को लेकर हिंदुओं को एकजुट करने महराज के प्रयासों की किसान नेता ने सराहना की। उन्होंने कहा कि महाराज के प्रयासों की बदौलत हिंदू अब एकजुट हो रहे हैं। बीते दिनों में हिंदुओं के साथ हुए कुठाराघात से सभी चिंतित हैं। लेकिन महाराज के मार्गदर्शन में प्रदेश के हिंदू धर्मांतरण के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पाटेश्वर धाम के संत, धाम में 7 से 13 अप्रैल तक आयोजित नव कुंडीय विष्णु महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बेमेतरा प्रवास पर हैं। इसी क्रम में नेवनारा आगमन पर किसान नेता ने उनका स्वागत कर आशीर्वाद लिया। यहां पाटेश्वर धाम के संत ने बैठक लेकर लोगों को कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। इस महायज्ञ में यज्ञाचार्य शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी अविमुक्ते श्वरानंद सरस्वती महाराज होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध जवाबदारी सौंपी। इस दौरान मौनी महराज, कमल साहू सरपंच नेवनारा, संतोष साहू, प्रकाश वर्मा, दिनेश वर्मा, भगवती परगहनिहा, विनय वर्मा, गंगा राम यादव, डॉ. गोरेलाल सिन्हा,लखन चक्रधारी, प्रवीण शर्मा, शालिक साहू, दीपक निषाद, रवि निषाद, नर्शिंग पाल, बल्ला साहू, लोकेश साहू, अभिषेक शर्मा, योगेश धीवर, चैतन्य धीवर, रेंचो सिन्हा, अरुण साहू, मनोज सिन्हा, बलराम राय, नरेश राय आदि उपस्थित थे।



ग्राम नेवनारा आगमन पर किसान नेता योगेश तिवारी ने संत राम बालक दास ने किया भव्य स्वागत

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 30 छात्र-छात्राओं को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सीआरपीएफ 74 वी वाहिनी नि:शुल्क करा रही कंप्यूटर कोर्स

जोहार छत्तीसगढ़- सुकमा।

सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी छात्र-छात्राओं को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 74 वी वाहिनी के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत नि:शुल्क में करवाया जा रहा कंप्यूटर कोर्स। आज के समय कंप्यूटर की उपयोगिता व महत्व को समझते हुए सीआरपीएफ 74 बटालियन के कमांडेंट डीएन यादव के निर्देश पर क्षेत्र के करीब 30 आदिवासी बालक बालिकाओं को एक महीने का निशुल्क कंप्यूटर कोर्स करवाया जा रहा है। जिसमे कंप्यूटर के बारे में उन्हें बारीकी से समझाया व पढ़ाया जाएगा एक माहीने के कोर्स के 30 छात्रों को चिन्हाकित कर उनको सिखाया जा रहा है। वही वाहिनी के कमाण्डेन्ट डीएन यादव, ने बच्चों से मुलाकात कर उनसे चर्चा किया और उन्हें कंप्यूटर के महत्व की जानकारी भी दिया इस दौरान सभी को स्वल्पाहार करवाया गया एवं 30 छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए एजुकेशन किट भी प्रदान किया गया




### सीआरपीएफ 74 बटालियन के पहल से छात्र छात्राओं में उत्साह देखने को मिला

जिले के अतिनक्सल प्रभावित बच्चों का चयन कर नि:शुल्क कंप्यूटर कोर्स को लेकर बच्चों में भी अच्छी खासी उत्साह देखने को मिला वही छात्रों ने कहा कि आजकल के जीवन में कंप्यूटर की काफी महत्व है। और हर किसी को कंप्यूटर का ज्ञान होना बेहद जरूरी है। और सीआरपीएफ 74 वी वाहिनी के द्वारा हमे नि:शुल्क कंप्यूटर का कोर्स करवा रही। जिससे हमें बहुत कुछ सीखने का एक बेहतर मौका प्रदान कर रही है। जिसके लिए हम सभी छात्र-छात्राओं ने सीआपीएफ 74 बटालियन के कमांडेड डीएन यादव, व पूरे 74 बटालियन को दिल से धन्यवाद देते है।



### क्षेत्र के भविष्य हैं बालक बालिका 74 वी वाहिनी हमेशा तैयार हैं

*क्षेत्र के सभी छात्र व छात्राएं पढाई कर रहे हैं। छात्र-छात्रायें ही क्षेत्र का भविष्य है। और आदिवासी छात्र छात्राओं के जरूरत को ध्यान में रखते हुए चयनित 30 छात्र-छात्राओं को बटालियन द्वारा नि:शुल्क कंप्यूटर कोर्स करवाया जा रहा है। ताकि इन्हें कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त हो सके और इन सबका भविष्य उज्वल हो साथ सीआरपीएफ 74वी वाहिनी क्षेत्र के सुरक्षा एवं क्षेत्र के विकास व जरूरत के अनुसार मदद को हमेशा तैयार रहेगा।*

# सभी के सहयोग से गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना साकार होगा-संसदीय सचिव

महिलाओं और युवाओं को रीपा के तहत उद्योग स्थापना के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद करेगी- कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

*मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के सभी रीपा का वर्चुअल उद्घाटन शनिवार की शाम को किया। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम सहजपाली और बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम बेलटिकरी में जिला प्रशासन द्वारा रीपा का वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित का सीधा प्रसारण किया गया था।*








मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय ने ग्राम बेलटिकरी के सभा में यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे को महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रिल पार्क रीपा की शुरूआत के लिए धन्यवाद दिया है। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है। यहां के लगभग सभी व्यक्ति किसान हैं। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के परिकल्पना को पूरा करने के लिए राज्य सरकार रीपा के तहत कार्य कर रही है। सभी के सहयोग से गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना साकार होगा। कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने कहा कि पिछले 3-4 माह से राज्य भर में अधोसंरचना निर्माण आदि के लिए निरंतर कार्य हुए हैं। राज्य शासन ने रीपा के भवन, मशीन, प्रशिक्षण आदि के लिए राज्य के प्रत्येक रीपा केन्द्र को 2 करोड़ रूपए का बजट प्रदान किया गया है। रीपा के अंतर्गत गांव की महिलाओं, युवाओं को उद्यम इंडस्ट्री खोलने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद दिया जाएगा। रीपा से उत्पादित वस्तुओं को बेचने के लिए बाजार में लिंकअप के लिए व्यवस्था किया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी और सीईओ बिलाईगढ़ सुश्री योगेश्वरी बर्मन उपस्थित थी। उल्लेखनीय है कि ग्राम सहजपाली में मुख्य अतिथि विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा उपस्थित थीं। सहजपाली के रीपा केन्द्र में दोना पत्तल, मुर्रा मिल, तेल मिल, बढ़ाई आदि गतिविधियां शामिल है। इस रीपा गौठान में समूह की महिलाओं सहित 5 से 7 ग्राम पंचायत के दो सौ लोगों को रोजगार मिल रहा है। इसी प्रकार ग्राम बेलटिकरी के रीपा केन्द्र में राइस मिल, प्रिटिंग प्रेस, सीमेंट पोल, फ्लाईएश, दोना-पत्तल, पोल्ट्री फार्म, अगरबत्ती, पानी पाउच, पानी बॉटल एवं 20 लीटर पानी का जार आदि कार्य शामिल है।

## अंधविश्वास की भेंट चढ़ी महिला.. टोनही बताकर नुकीले कील और धधकते अंगारों पर चलाया

**दुर्ग ।** आज भी अंधविश्वास का जहर लोगों की जान पर बना हुआ है। विज्ञान के इस युग मे भी लोग अपने सगे रिश्ते पर भी कई आरोप महज शंका के आधार पर मढ़ रहे है। ऐसा ही मामला दुर्ग जिले में निकलकर सामने आया है जहां एक सामूहिक परिवार की महिला को टोनही बताकर उसे झाड़ फूंक के नाम पर नुकीले किलो और धधकते अंगारों पर चलाया गया। जख्मी महिला के शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफजो अपराध दर्ज किए गए वे नाकाफी थे। महज 2 दिन में ही सभी आरोपी जेल से बाहर हो गए। जख्मी महिला न्याय की गुहार लगा रही है , वहीं पुलिस की कमजोर विवेचना पर अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफही अपराध दर्ज कराने की मांग की है। 3 दिन पूर्व जेवरा सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम करहिडीह की पीड़ित महिला ने शिकायत किया कि उसे टोनही कहकर कई महीनों से प्रताड़ित किया जा रहा था, लेकिन हद तो तब हो गई जब वे ही आरोप लगाने वाले जेठानी देवरानी और देवर उसे एक तांत्रिक के पास ले गए, जहां उसे नाबालिग तांत्रिक ने पहले तो नुकीले किलो पर चलाया उसके बाद उसे धधकते अंगारों पर 12 बार आरपार होने कहा गया। महिला ने अपने आपको टोनही ना होने का सबूत देने नंगे पांव अंगारों पर तड़प-तड़पकर चलते रही। महिला के पाव में फफोले ही फफोले पड़ गए उसके बाद भी महिला के भीतर बैठे टोनही को भगाने 2 दिन बाद किसी अन्य तांत्रिक के पास ले जाने की बात नाबालिग तांत्रिक ने की। घर वापस लौटने के बाद पीड़ित महिला ने बहुत मजबूर होकर इसकी शिकायत जेवरा सिरसा पुलिस चौकी में जाकर की,,पुलिस ने महिला की शिकायत पर 4 आरोपियों के खिलाफटोनही उत्पीड़न के तहत अपराध दर्ज किया।

# पर्यावरण सुरक्षा एवं नशा मुक्ति का संदेश देते साइकिल यात्री पहुंचा

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



संतोष गुप्ता ने 13 मार्च से छत्तीसगढ़ में साइकिल भ्रमण का प्रारंभ किया है और अभी तक उन्होंने 27 जिलों को साइकिल से घूम लिया है। जब हमने उनसे बात की तो उन्होंने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए उन्होंने साइकिल भ्रमण को साधन बनाया है। उनका कहना है कि साइकिलिंग स्वास्थ्य के लिए काफ ी लाभदायक है। साइकिल चलाने से शरीर हमेशा स्वस्थ रखता है और पर्यावरण प्रदूषण भी नहीं फैलता छोटे बड़े कार्यों को करने के लिए कम दूरी की यात्रा के लिए लोगों को लगभग साइकिल का ही प्रयोग करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि युवा वर्ग जो है नशा के गर्त में जा रहा है उनको नसा से बचाने के लिए संदेश दिया जा रहा है ताकि वह अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें,उन्होंने सीतापुर चौक में काफी युवाओं से मुलाकात की तथा उन्होंने अपने यात्रा का उद्देश्य बताया तथा लोगों को साइकिलिंग का महत्व बताते हुए नशा से दूर रहने की समझाईस थी

संतोष गुप्ता पेसे से शिक्षक हैं जो बिलासपुर से मुंगेली जिला अपने स्कूल तकरीबन 30 किलोमीटर साइकिल चला कर जाते हैं और पुनः साइकिल चला कर घर वापस आते हैं। इससे पूर्व वह पर्यावरण सुरक्षा नशामुक्ति का संदेश देने के लिए 2022मे बिलासपुर से साइकिल यात्रा करते हुए नेपाल भी गए थे।



# गांव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीण-जन की हाल चाल पूछकर समस्या सुन रहे - अंकुश

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



सामरी विधानसभा के ग्राम पंचायत धनजी में ग्रमीणों के बीच पहुंचकर जिला पंचायत सदस्य अंकुर सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए जन-सभा लगाकर लोगों की हर जन समस्या को सुना और उसे पहल करने की बात कही साथ ही हर संभव समस्या दूर कराने का भरोसा दिलाया। और इससे पूर्व में भी कई गांवों की समस्या सुन चुके है। अंकुश सिंह और उनकी जायज मांगों को भरोसा ही नहीं बल्कि उनकी मांगो को पूरा किया है। कई जगहों पर पानी जैसी समस्या थी वहा भी अपने मत के पैसों से हैंड.पम्प लगवाया है, और निरंतर आगे भी गांव के गरीब लोगों की समस्या सुन कर उससे पहल करने की बात कही गयी है। साथ ही गांव पहुंचने पर पारंपरिक नृत्य से अंकुश सिंह के व उनके साथियों का स्वागत किया।

आपको बता दे की ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह से मिलकर ग्राम पंचायत में पानी, बिजली, सड़क तथा राशन कार्ड,पेंशन संबंधित समस्याओं को बताते हुए, पंचायत में व्याप्त मूलभूत समस्या दूर करते हुए, सुविधा बहाल कराने की मांग की। अब देखने वाली बात यह है कि जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह कितनी तत्परता के साथ ग्रामीणों की समस्याओं को हल करा पाते हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंच संजय बिझवार, पंच प्रदीप, दयाशंकर,प्रिंस सिंह, महावीर सिंह, नवीन यादव सहित ग्रामवासी ग्रामीण उपस्थित रहे।।



## समाचार सार

### बालको काफी पॉइंट के पास दिखा रात के अंधेरे में तेंदुआ

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के बालको में कॉफी प्वाइंट के पास तेंदुए का शावक देखा गया है। कहीं से लौटते वक्त डायल 112 की टीम को कॉफी प्वाइंट के नजदीक तेंदुए का शावक नजर आया, जिसे उन्होंने कैमरे में कैद कर लिया। झाड़ियों के बीच छिपे तेंदुए का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वन मंडल कोरबा में तेंदुए की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग ने तस्दीक के लिए एक टीम को मौके के लिए रवाना भी किया है। शहर के इतने करीब तेंदुए को देखे जाने की खबर से इलाके में भय का माहौल है। बता दें कि, कोरबा और कटघोरा वन मंडल में कुछ माह पहले भी तेंदुआ दिख चुका है। तेंदुए ने मवेशियों को अपना शिकार बनाया था। तेंदुआ देखे जाने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।



बेमेतरा पुलिस की अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही

### 13 जुआ एक्ट के मामले में हुई कार्यवाई, हजारों रुपये जब्त



**बेमेतरा।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत दिनांक 24.03.2023 को थाना नांदघाट में जुआ का 01 प्रकरण दर्ज कर 05 जुआडियानो के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी रकम 7,130/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया गया हैं।

अश्वनी बंजारे पिता प्यारेलाल उम्र 36 साल साकिन संबलपुर थाना नांदघाट जिला बेमेतरा । 2. अमित कांठले पिता लखन उम्र 30 साल साकिन संबलपुर थाना नांदघाट जिला बेमेतरा । प्रदीप बंजारे पिता कृष्णा बंजारे उम्र साल साकिन संबलपुर थाना नांदघाट जिला बेमेतरा ।

मनोज कुर्रे पिता धन्नु लाल उम्र 40 साल साकिन संबलपुर थाना नांदघाट जिला बेमेतरा । धनंजय कुर्रे मुन्ना कुर्रे उम्र 26 साल साकिन संबलपुर थाना नांदघाट जिला बेमेतरा ।

### महापौर की चुनौती स्वीकार, जहां चाहे वहाँ भाजपा पार्षद बहस को तैयार: हितानंद अग्रवाल

**कोरबा ।** कोरबा नगर निगम में उठा तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। आरोप प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। कल भाजपा पार्षदों ने हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में नगर निगम के मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला जड़ते हुए जंगी प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल के नेतृत्व में हुए आंदोलन में जिले के सभी बड़े नेता शामिल हुए। वहीं दूसरी ओर आंदोलन से तिलमिलाए महापौर राजकिशोर प्रसाद ने विपक्षी पार्षदों को चुनौती देते हुए कहा है कि वे बताएं कहाँ विकास नही हुआ है।

महापौर की चुनौती पर नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं और हमारे भाजपा के 30 पार्षद महापौर की चुनौती स्वीकार करते हैं। विकास कार्यो को लेकर महापौर जहाँ बहस करना चाहे हम उनसे बहस करने को तैयार है। श्री अग्रवाल ने कहा कि बहस से ही बचने के लिए पिछले 1 वर्ष से महापौर ने सामान्य सभा नही होने दिया, जबकि नगरीय निकाय अधिनियम के तहत प्रत्येक 3 माह में सामान्य सभा होने का प्रावधान है। महापौर सदन में चर्चा कर नही पाते हैं और हमें बहस करने की चुनौती दे रहें हैं जो कि हास्यास्पद है। महापौर कभी निगम में अपने कार्यालय में नहीं बैठते है जिसके कारण नगर निगम में अफसरशाही हावी है। विकास कार्यो के नाम पर पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है। ऐसी सड़के बनती है जो हाथों से उखड जाती है। महापौर को शर्म आनी चाहिए और नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए।

# अज्ञानता के कारण अधिकारों से वंचित हो जाते हैं-बी.आर. साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



कानून की जानकारी के अभाव में कुछ लोग अधिकारों से वंचित हो जाते हैं। जिसके कारण लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ता हैं उक्त विचार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एव तालुका विधिक सेवा समिति के द्वारा ग्राम हरेठी में मनरेगा कार्यस्थल पर आयोजित विधिक एवं जागरूकता शिविर में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बी.आर. साहू ने कही आगे न्यायाधीश साहू ने कहा कि जो वाहन चालक हैं उनके पास आवश्यक एवं वैध दस्तावेज हो तभी गाड़ी चल, दुर्घटना होने पर नुकसानी देने में कोई परेशानी न हो वाहन विक्रय करने पर लिखापढ़ी तक सीमित न रहे परिवहन विभाग से नाम ट्रांसफ र करा लें कई बार देखा जाता हैं कि वाहन मालिक कोई दूसरा वाहन चालक कोई और अगर वैध कागजात न हो वाहन मालिक को नुकसान होता है एक समृद्ध व्यक्ति को छोड़कर सभी लोगों को न्याय पाने के यदि वे चाहे तो नि:शुल्क विधिक सेवा प्राप्त कर सकते है शिविर को तहसीलदार मनमोहन प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा किपिता सम्पत्ति में महिलाओं की भी बराबर की हिस्सेदारी होती है और यहां अधिकार उन्हें लेना चाहिए अक्सर देखने में आता हैं कि पहले तो महिलाएं लिखकर दे देती हैं। कि भाई के नाम में किये जाने पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन बाद में कुछ विवाद होने पर न्यायालय का रास्ता अख्तियार करती हैं तब तक बहुत विलम्ब हो जाता है प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर सरकार सभी के परिजनों को चार लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाती हैं अधिवक्ता गिरधर जायसवाल ने कहा कोई भी व्यक्ति जन्म से मृत्यु तक कानून से शासित होते हैं उनको अधिकार भी जैसे शिक्षा का अधिकार भोजन के अधिकार महिलाओं को कानून में बहुत सारे अधिकार प्राप्त है उन्हें जानकारी होनी चाहिये इस अवसर पर न्यायाधीश बी आर साहू, तहसीलदार मनमोहन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी लो नि वी राकेश द्विवेदी, पैनल लायर अधिवक्ता गिरधर जायसवाल, सरपंच ग्राम पंचायत हरेठी तुलेश जायसवाल,दिन दयाल शर्मा, रणजीत सिदार,विकास विश्वकर्मा,नंदकिशोर सोनवानी, सहित बड़ी संख्या में रोजगार गारंटी में काम कर रहे महिलाओं एवं पुरुषों की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता गिरधर जायसवाल ने किया।

# अवैध प्लॉटिंग के गोरखधंधे में लिप्त लोगों की बढ़ सकती है मुसीबत

रिपोर्ट दर्ज कराने नगर पालिका ने थाना प्रभारी को दिया पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



नगरीय क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ एफ आईआर की तलवार लटक रही है। सीएमओ ने थाना प्रभारी को शिकायत जांच कर आवश्यक कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता विशवेष सिंह पिता विष्णु सिंह पता जैजैपुर चौक वैष्णोदेवी मंदिर के पास बाराद्वार सक्ती के आवेदन के अनुसार व नगर पालिका टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग, राजस्व विभाग व अन्य जांच टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग कालोनियों के खसरा नंबर के अनुसार संयुक्त निरीक्षक प्रतिवेदन तैयार किया है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि प्रकरण का विस्तृत जांच कर शहरी क्षेत्र में किए गए अवैध प्लाटिंग पर नगर पालिका नियम 2013 के नियम 11 के अनुपालन में भारतीय दण्ड संहिता 1860 की सुसंगत धाराओं की अधीन कार्यवाही करने को कहा है। कार्यालय नगर पालिका परिषद सक्ती की ओर से दिए गए पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर तथा तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है। नगर पालिका ने पुलिस अधीक्षक राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर के पत्र क्रमांक शिकायत सेल/102/एम 1340 तथा शिकायतकर्ता विशवेष सिंह के पत्र एवं उप पंजीयक के पत्र के आधार पर कार्यवाही करने की सिफारिश की है।

### नगर के कई इलाकों में हुई है अवैध प्लॉटिंग


नगर के ऐसे कई इलाके हैं जहां लोगों को सब्जबाग दिखाकर अवैध कालोनियों को निर्माण किया गया है। जानकारी के मुताबिक नगरीय क्षेत्र में एक एक भी कालोनी ऐसी नहीं है जिसका पंजीयन हो।

अवैध निर्माण कर अवैध तरीके से उंची कीमतों पर जमीनों को बेचने खरीदने का धंधा जोर शोर से चल रहा है। लंबे समय से यह खेल चल रहा है। नगर के कथित आफीसर्स कालोनी, स्टेशन रोड, गेवाडीन कालोनी, जगन्नाथपुरम, बाराद्वार रोड मुक्तिधाम के पास, पंचमुखी हनुमान मंदिर हरेठी के पास, सिपाहीमुड़ा, सोंठी, बगबुढवा, बाराद्वार रोड पेट्रोल पंप के सामने, झूलकदम रोड सहित अन्य कई स्थानों में नियमों को ताक में रखकर अवैध प्लाटिंग की गई है। लंबे समय से चल रहे इस प्रकार के धंधे पर अब प्रशासन की नजर गई है और कार्यवाही के लिए नगर पालिका ने अनुसंशा की है।

** अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए थाना प्रभारी को पत्र प्रेषित किया गया है।*

***सौरभ तिवारी,सीएमओ***
***नगर पालिका, सक्ती***

## रितिका छिब्बर को 14 साल बाद मिला फिल्मी दुनिया में ब्रेक?



मॉडल-अभिनेत्री रितिका छिब्बर ऑपरेशन मेफेयर से फिल्मी दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। हालांकि, उनके लिए यह सफर आसान नहीं था। 14 साल पहले रितिका मध्य प्रदेश के जबलपुर से मॉडलिंग और अदाकारी का सपना लिए मुंबई के लिए रवाना हुई थीं, लेकिन उन्हें इन 14 सालों में पहचान नहीं मिली।

रितिका ने बताया कि जिस वक्त उनकी हिम्मत जवाब देने वाली थी, ठीक उसी समय उन्हें ऑपरेशन मेफेयर ऑफर हुई।

रितिका कथक में ट्रेंड सर्टिफाइड डांसर हैं। वह अपने सपनों को पूरा करने के लिए कम उम्र में मुंबई आ गई थीं। मुंबई आने के बाद उन्होंने एक कॉलेज में दाखिला लिया और पढ़ाई पूरी की।



## एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने दिये पर्पल कलर की ब्रालेट के साथ पैंट पहनकर बेहद ही स्टाइलिश पोज

टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश अपनी हॉटनेस और ग्लैमरस अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपाए रहती हैं। वहीं, उनके करण कुंद्रा के साथ रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चाएं बनी रहती हैं। वहीं, हाल ही में एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने ब्रालेट के साथ अपनी हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने पर्पल कलर की ब्रालेट के साथ पैंट पहनकर बेहद ही स्टाइलिश पोज दिए हैं। जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश इस लेटेस्ट आउटफिट में अपनी बैक फ्लॉन्ट कर रही हैं। जो फैंस के दिलों को बेताब किए हुए हैं। मिनिमल मेकअप के साथ एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने कई डिफरेंट अंदाज में पोज देकर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रखा है। लेटेस्ट फोटोशूट में टीवी की नागिन काफी बोल्ड लुक में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने न्यूड मेकअप के साथ कोई ज्वैलरी नहीं पहन रखी है। इसके बावजूद भी एक्ट्रेस की खूबसूरती पानी में आग लगाने का काम कर रही है। एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश की सोशल मीडिया पर वीडियो या तस्वीरें आते ही वायरल हो जाती हैं। तेजस्वी के फैन फॉलोइंग की बात करें तो उनके इंस्टाग्राम पर 6.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं। तेजस्वी प्रकाश एक्टर करण कुंद्रा के साथ रिलेशनशिप को लेकर काफी चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश अपने फैंस का दिल जीतना जानती हैं। उन्हें पता है कि फैंस के दिलों पर राज कैसे किया जाता है।

## मेरा किरदार जब वी मेट में करीना कपूर के किरदार जैसा है : दीपिका अग्रवाल

साथ निभाना साथिया 2 की अभिनेत्री दीपिका अग्रवाल ने अपनी आने वाली पंजाबी फिल्म ऊंचा दर बाबे नानक दा में जब वी मेट में बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर द्वारा अभिनीत गीत जैसा ही किरदार निभाने के बारे में बात की। जिमी शेरगिल के साथ एक पंजाबी फिल्म मिलने के बारे में जानकारी देते हुए दीपिका ने कहा, मैं इतने प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ काम करने और इस अमेजिंग प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का अवसर पाकर बेहद धन्य महसूस कर रही हूं।

फिल्म की शूटिंग कनाडा और जालंधर के खूबसूरत लोकेशंस पर होने वाली है। जब वी मेट में करीना कपूर के किरदार जैसी भूमिका निभाना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है।

अभिनेत्री ने कहा कि मैं अपने प्रशंसकों से मिले प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं, और इस किरदार के साथ न्याय करने की उम्मीद करती हूं।

दीपिका इससे पहले साथ निभाना साथिया 2 में नजर आ चुकी हैं, जहां उन्होंने एक फैशन डिजाइनर की भूमिका निभाई थी। दीपिका ने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में फिल्म जी वाइफ की मूवी से डेब्यू किया था। वह कई अन्य टीवी शो और फिल्मों में भी दिखाई दी हैं।



फैंस के लिए बड़ी खबर!

## पुष्पा-2 में हो सकती है अजय देवगन या सलमाल की एंट्री



अल्लू अर्जुन की पुष्पा (पुष्पा: द राइज़) को रिलीज हुए तकरीबन 2 साल चुके है और अब फैन्स को पार्ट 2 का बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे है। मूवी पुष्पा ने बॉक्स ऑफिस पर खूब जमकर कारोबार किया था। इसने साउथ से लेकर बॉलीवुड फैन्स पर भी अपना खूब जादू भी चला दिया है। अब बोला जा रहा है कि पुष्पा: द रूल के स्क्रीनप्ले की कहानी फिर से लिखने वाली है और बॉलीवुड के बड़े सुपरस्टार इस मूवी में लिए जा रहे हैं।

डायरेक्टर सुकुमार की तेलुगू एक्शन ड्रामा मूवी स्टार अल्लू अर्जुन की इस फिल्म में फहाद फाजिल के अलावा रश्मिका मंदाना भी दिखाई देने वाली है। इस फिल्म में भी पहली मूवी की तरह सामंथा रुथ प्रभु का स्पेशल सॉन्ग अपीयरेंस होने वाला है। अब खबर है कि डायरेक्टर सुकुमार पुष्पा 2 में बॉलीवुड के टॉप सुपरस्टार को लेने की योजना बना रहे।

## नंदमूरि बालाकृष्ण की अगली फिल्म एनबीके 108 के लिए काजल अग्रवाल हुई सक्रिय

हिन्दी और दक्षिण भारतीय फिल्मों की सफलतम अभिनेत्रियों में शुमार रही काजल अग्रवाल एक बार फिर से फिल्म दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। शादी और माँ बनने के बाद अब वे पूरी तरह से फिल्मों में लौट रही हैं। उनकी वापसी दक्षिण के कामयाब अभिनेता नंदमूरि बालाकृष्ण के साथ होने जा रही है। इस वर्ष की पहली तिमाही में बॉक्स ऑफिस पर कामयाब फिल्म वीरा सिम्हा रेड्डी देने वाले नंदमूरि बालाकृष्ण अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में लग गए हैं।




नंदमूरि बालाकृष्ण ने वीरा सिम्हा रेड्डी के साथ एक बड़ी हिट फिल्म उद्योग को दी। अब उनकी अगली फिल्म की चर्चाएँ हो रही हैं जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी अनिल रविपुदी को सौंपी गई है। अभी तक इस फिल्म का कोई नाम तय नहीं किया गया है, इसके चलते इसे एनबीके 108 के नाम से जाना जाएगा। जब हर कोई सोच रहा था कि इस परियोजना में मुख्य भूमिका कौन निभाएगा, तो काजल अग्रवाल के नाम की घोषणा की गई। इससे पहले, रिपोर्ट्स में कहा गया था कि उन्हें एनबीके 108 के लिए संपर्क किया गया था।

नंदमूरि बालाकृष्ण वर्तमान में एनबीके 108 की शूटिंग कर रहे हैं।

# खेल

न्यूज़ीलैंड ने श्रीलंका को 198 रन से हराया

## श्रीलंका के 8 खिलाड़ी नहीं छू पाए दहाई का अकड़ा, शिप्ले ने झटके 5 विकेट

न्यूज़ीलैंड ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका को 198 रन से हरा दिया। ऑकलैंड में खेले गए मैच में न्यूज़ीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 274 रन बनाए और श्रीलंका को 275 रन का लक्ष्य दिया।




जवाब में श्रीलंका 19.5 ओवर में महज 76 रन पर ऑल आउट हो गई, और न्यूज़ीलैंड ने पहला वनडे 198 रनों के विशाल अंतर से जीत लिया। न्यूज़ीलैंड के लिए हेनरी शिप्ले ने 5 विकेट झटके। कीवी टीम के 8 बल्लेबाज दहाई (10 रन) का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। इसके साथ ही न्यूज़ीलैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 28 मार्च को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। शिप्ले को प्लेयर ऑफ थे मैच चुना गया।

### न्यूज़ीलैंड के लिए एलेन ने अर्धशतकीय पारी खेली

श्रीलंका ने टॉस जीत कर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूज़ीलैंड टीम के लिए फिन एलेन ने 51, डेब्यू कर रहे रचिन रवींद्र ने 49 और डेरिल मिचेल 47 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रीलंका के लिए चमिका करुणारत्ने ने कुल 4 विकेट हासिल किए, जबकि कसुन रजिथा-लहिरू कुमारा ने 2-2 सफलता और दिलशान और शानका को एक-एक सफलता मिली।



फिन एलेन
51 रन | 49 बॉल | 5 चौके | 2 सिक्स

### श्रीलंकाई टीम की पारी ऐसी रही

*275 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए श्रीलंका टीम की शुरुआत खराब रही। श्रीलंका के दोनों ओपनर महज 14 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटे। इसके बाद कुसल मेंडिस बिना खाता खोले आउट हो गए। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा रन ऐंजेलो मैथ्यूज ने बनाए। उन्होंने 25 गेंदों पर 18 रन बनाए, जिसमें 3 चौके शामिल रहे। वहीं, न्यूज़ीलैंड के लिए हेनरी शिप्ले ने 5 विकेट झटके, डेरिल मिचेल और ब्लेयर टिकनर को 2-2 सफलता मिली।*

IPL शुरू होने से पहले पंजाब किंग्स को बड़ा झटका

## स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो चोटिल, ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉर्ट लेंगे जगह

IPL शुरू होने से पहले ही पंजाब किंग्स को बड़ा झटका लग गया है। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज और पंजाब किंग्स के बैटर जॉनी बेयरस्टो घुटने की चोट के कारण IPL से बाहर हो गए है। उनकी जगह पंजाब टीम ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉट को बुलाया है। पंजाब किंग्स ने BCCI के माध्यम से इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड से कई बार चोट पर अपडेट लेने की कोशिश की। अब ECB है कि बेयरस्टो IPL नहीं खेल पाएंगे।

### गोल्फ खेलते समय हुए थे चोटिल

सितंबर 2022 में बेयरस्टो अपने दोस्तों के साथ गोल्फ खेलते-खेलते चोटिल हो गए थे। यह चोट उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पहले आई थी। गोल्फ कहले के दौरान वे फिसला गए थे। इस कारण उनके फाइबुला में कई फ्रैक्चर हो गए, जिसके लिए कुछ दिनों बाद सर्जरी के दौरान एक प्लेट डालने की जरूरत थी। इस हफ्ते, बेयरस्टो ने यॉर्कशायर नेट्स में बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू किया है। वे इस समय काउंटी चैंपियनशिप में कुछ गेम्स खेलेंगे।




2022 में हुए 13 क्रिकेट मैचों पर फिक्सिंग का संदेह

## इनमें एक भी भारत में नहीं खेला गया, फुटबॉल के सबसे ज्यादा 775 मैच

साल 2022 में पूरी दुनिया में खेले गए 13 क्रिकेट मैचों पर फिक्सिंग का संदेह जताया जा रहा। यह दावा हाल ही में जारी स्पोर्टरडार इंटीग्रिटी सर्विसेज द्वारा प्रकाशित एक समीक्षा रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में 13 क्रिकेट मैच ऐसे थे, जो भ्रष्टाचार के दायरे में आए हैं। स्पोर्टरडार इंटीग्रिटी सर्विस यूनिट एक्सपर्ट्स की एक अंतरराष्ट्रीय टीम है जो खेल में सट्टेबाजी, मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार के अन्य रूपों पर एनालिसिस करती है। मैचों के दौरान संदिग्ध गतिविधि का पता लगाने के लिए कंपनी यूनिवर्सल फ्रॉड डिटेक्शन सिस्टम (स्नष्ठस्) एप्लिकेशन का इस्तेमाल करती है।




### 2022 में सट्टेबाजी, भ्रष्टाचार और मैच फिक्सिंग

संस्था ने 32 पेज की एक रिपोर्ट जारी की है, जिसका शीर्षक 2022 में सट्टेबाजी, भ्रष्टाचार और मैच फिक्सिंग है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022 में 92 देशों में आयोजित 12 खेल के 1212 मैच ऐसे रहे, जिनमें सट्टेबाजी, भ्रष्टाचार या फिक्सिंग हुई। यह संस्था साल 2020 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (ACU) के साथ भी काम कर चुकी है।

### करप्शन, फिक्सिंग में क्रिकेट छठे स्थान पर

रिपोर्ट के अनुसार फुटबॉल का खेल करप्शन के मामले में सबसे आगे रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि साल 2022 के 1212 मैचों की लिस्ट में फुटबॉल (775 मैच) टॉप पर है, जिन पर संदेह है।

## एक नजर

वर्ल्ड बॉक्सिंग में नीतू और स्वीटी को गोल्ड

### रोमांचक मुकाबले में 4-3 से जीतीं स्वीटी बूरा, निखत-लवलीना के मुकाबला




वर्ल्ड महिला बॉक्सिंग चैपिंयनशिप 2023 में नीतू घंघस के बाद स्वीटी बूरा ने भी गोल्ड मेडल जीत लिया है। स्वीटी ने 81 किग्रा वेट कैटेगरी के फाइनल में चीन की वॉन्ग ली को 4-3 से हराया। मैच खत्म होने के बाद रिव्यू का फैसला आने तक नतीजे के लिए इंतजार करना पड़ा। लेकिन स्वीटी अंत में विजेता रहीं और भारत को दूसरा गोल्ड मेडल दिलाया। उनसे पहले हरियाणा की बॉक्सर नीतू ने 48 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। नीतू ने शनिवार को फाइनल में 2022 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मंगोलिया की लुत्सेखान अल्तांसेटसेग को हराया। नीतू ने लुत्से खान अल्तांसेटसेग को 5-0 से हराकर फाइनल एकतरफा अंदाज में ही जीत लिया।

### निखत-लवलीना के मुकाबले रविवार को

50 किग्रा वेट कैटेगरी की डिफेंडिंग चैंपियन निखत जरीन और 75 किग्रा कैटेगरी में भारत की दावेदार लवलीना बोरगोहेन भी फाइनल में हैं। दोनों के मुकाबले रविवार को खेले जाएंगे।

### कमर की सर्जरी नहीं करवायेंगे अय्यर



**नयी दिल्ली** । भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज़ श्रेयस अय्यर ने इस साल घरेलू सरज़मीन पर होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए फिलहाल के लिये अपनी कमर की सर्जरी करवाने से इंकार कर दिया है। अय्यर ने निर्णय लिया है कि वह ऑपरेशन करने के बजाय बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब में समय बितायेंगे। गौरतलब है कि अय्यर को कमर में खिंचाव के कारण न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध जनवरी में खेली गयी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर रहना पड़ा था। वह ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच दूसरे टेस्ट के लिये फरवरी में टीम में वापस आये, लेकिन चौथे टेस्ट में वह दोबारा चोटग्रस्त होने के कारण बल्लेबाजी नहीं कर सके। अय्यर इस समस्या के कारण आईपीएल के शुरुआती मैचों में नहीं खेल सकेंगे और सर्जरी करवाने पर वह करीब छह महीने तक भी क्रिकेट से दूर रह सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार एनसीए ने अय्यर को सर्जरी करवाने की सलाह दी है लेकिन अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप में भारत के अभियान का हिस्सा बनने के इच्छुक अय्यर ने फिलहाल इसके बिना फिटनेस बरकरार रखने की कोशिश कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया पूरे प्रदेश में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का शुभारंभ

## दुबछोला गौठान में आयोजित रीपा के वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए संचालक सीजीएमएससी एवं मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जयसवाल

जोहर छत्तीसगढ़-एमसीबी।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा पूरे प्रदेश में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा का शुभारंभ किया गया है। महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा की स्थापना पर राज्य शासन की मंशा है कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर उत्पन्न किया जाए जिससे स्थानीय महिलाओं एवं युवाओं को रोजगार के माध्यम से बेहतर आय की प्राप्ति हो सके। इसी कड़ी में आयोजित प्रदेश स्तरीय भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम के तहत संचालक सीजीएमएससी एवं मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जयसवाल विकासखंड खड़गवां के ग्राम पंचायत दुबछोला गौठान में आयोजित महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा, के वर्चुअल लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधिगण सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि विकासखण्ड खड़गवां के दुबछोला गौठान में रीपा अंतर्गत समूह की 41 महिलाओं द्वारा कुल पांच गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है जिसमे फेब्रीकेशन/प्रोफाइल शीट मेकिंग, बोरी बैग मेकिंग एवं प्रिंटिंग, फ्लाई एश ब्रिक, पेपर ब्लाक, पोल मेकिंग, पूजन सामग्री मेकिंग एवं अगरबत्ती मेकिंग, फ्लेक्स एवं ओफ सेट बैनर प्रिंटिंग यूनिट तथा चिरमी गौठान में 30 महिलाओं द्वारा वनोपज एवं मिलेट प्रसंस्करण, सीमेंट गमला पोल मेकिंग, कोदो चावल प्रसंस्करण एवं पैकिंग, आरओ एवं मिनरल वाटर प्लांट की गतिविधि शामिल है। इस कार्यक्रम में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का शुभारंभ, राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन कृषि मजदूर नया योजना का शुभारंभ तथा विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को राशि अंतरित किया गया। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के एप्लीकेशन और बेरोजगारी भत्ता वेब पोर्टल भी लॉन्च किया गया है।

**दुबछोला और चिरमी में रीपा अंतर्गत 70 से ज्यादा महिला उद्यमी जुड़ेंगी लघु उद्योगों से**



## ए.एस.आई के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, कोरबा पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बांगों पुलिस थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक ए एस आई नरेन्द्र सिंह परिहार के अंधे कत्ल के आरोपी को पकड़ने में कोरबा पुलिस को सफलता मिल गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने यह जानकारी दी है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि विगत 09 एवं 10 मार्च 2023 के दरम्यानी रात को ए एस आई नरेन्द्र सिंह परिहार की थाना के समीप बैरक में धारदार हथियार से क्रूरता पूर्वक हत्या कर दी गई थी। पुलिस के अनुसार सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार की घटना की रात नाईट गश्त पर ड्यूटी लगी थी। रात लगभग 1.00 तक उनकी मोबाइल पर अपने परिजनों और सहकर्मियों से बात हो रही थी। इसके बाद वह बैरक स्थित अपने कक्ष में विश्राम के लिए चले गए थे। वही रात में किसी वक्त अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी थी। घटना की जानकारी सुबह 7. 00 बजे पुलिस को उस समय मिली जब सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह तोमर के सहयोगी पुलिसकर्मी उन्हें उठाने के लिए बैरक में पहुंचे।

## गरीब परिवार को ऊपर उठाने तत्पर कैस्पार संस्था थाना प्रभारी के मुख्याथिति में हुआ आयोजन, क्षेत्र के लाभान्वित महिला समूह हुए सम्मिलित

जोहार छत्तीसगढ़-नारायणपुर।




विकास खंड कुनकुरी के थाना नारायणपुर क्षेत्र में कैसपार का जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन थाना प्रभारी कुर्रे के मुख्य अतिथि में किया गया। संस्था का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार को ऊपर उठाना है।यह संस्था व्याज कमाने के उद्देश्य से नहीं बल्कि गरीब परिवार को शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार का लाभ देते हुए अच्छा स्थिति में लाना है। कैसपार माइक्रो क्रेडिट संस्था सभी बैंकों से कम व्याज दर पर लोन देते हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक के सभी शर्तों के आधार पर ही लोन दिया जाता हैं। वर्तमान में जशपुर जिले में 19 शाखा संचालित हैं। जिसमे हजारों परिवार जुड़े हैं। और अपना परिवार चला रहे हैं। उक्त बैठक में आरबीआई द्वारा जारी नई दिशा निर्देश का बारे में जानकारी दिया गया। उपरोक्त बैठक में यूसुफ अहमद,हंसराज यादव,मनोज कुमार कुमार गुप्ता, राजेश कुमार,कुनकुरी,उपशाखा प्रबंधक अंजली,सुरेश कुमार,शायदा बेगम,तविना, मालती, नितिन यादव एवं वर्षा उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया प्रदेश के 278 ग्रामीण औद्योगिक पार्क का लोकार्पण

### सक्ती जिले के जेठा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना के तहत ग्रामीण युवाओं एवं महिला समूहों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्थानों में नवनिर्मित 278 मल्टी एक्टिविटी सेंटर का लोकार्पण किया।

इनमें जिले के मल्टी एक्टिविटी सेंटर भी शामिल हैं। आज जेठा में रीपा अंतर्गत रेस्टोरेंट एंड कैफे का हुआ उद्घाटन भी किया गया है। भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं धरमजीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। मुंगेली जिले में आयोजित सम्मेलन के माध्यम से मुख्यमंत्री बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को 149.92 करोड़ रूपए, गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 6.34 करोड़ रूपए, राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत 17 हजार 93 करोड़ की राशि किसानों के खाते में अंतरण किए। उन्होंने इस अवसर पर राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ और बेरोजगारी भत्ता योजना के वेबपोर्टल का लोकार्पण किया। साथ ही छत्तीसगढ़ आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण 2023 का एप्लीकेशन भी उन्होंने लांच किया। सक्ती जिले के ग्राम पंचायत जेठा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क रीवा अंतर्गत शक्ति जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत जेठा में निर्मित हाईवे रेस्टोरेंट के शुभारंभ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए जनपद पंचायत के अध्यक्ष राजेश राठौर,जनपद उपाध्यक्ष सक्ती ममता पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत जेठा,चंपा देवी चंद्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे, अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीणजन और महिला स्वसहायता समूह की सदस्य उपस्थित थे। साथ ही जिले के मालखरौदा जनपद पंचायत क्षेत्र के सोनादुला में आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत मालखरौदा लकेश्वरी देवा लहरे,देवा लहरे विधायक प्रतिनिधि चंद्रपुर विधानसभा, टिकेश्वर चंद्र जनपद सदस्य,गोरेलाल बरेठ सरपंच सोनादुला,रोहित साहू गौठान अध्यक्ष,मनहरण कमलेश, सुरेश वानी बीपीएम एनआरएलएम जनपद पंचायत मालखरौदा, सामाजिक कार्यकर्ता महिला समूह के अध्यक्ष सचिव एवं समस्त सदस्यगण ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस बीच छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा के संबंध में एसएस पोयम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मालखरौदा के द्वारा शासन की महत्वकांक्षी योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक महिला समूह एवं ग्रामवासियों को रोजगार प्राप्त करने एवं आय वृद्धि के दिशा में उद्बोधन जानकारी दिया गया।

**जिले के मल्टीएक्टिविटी सेंटर भी हुए लोकार्पित**

## खाद्य आपूर्ति निगम मंत्री अमरजीत भगत पहुंचे मां महामाया के दरबार टेका मत्था की प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



नवरात्रि के पंचम दिवस रविवार को सुबह से सिद्ध शक्ति पीठ मां महामाया देवी मंदिर रतनपुर में लाखों श्रद्धालु भक्त पहुंचे, ऐसी तरमतय में खाद्य, आपूर्ति निगम मंत्री अमरजीत भगत का अपने हेलीकाप्टर से महामाया हेलीपेड रतनपुर आगमन हुआ जहां पर ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष रमेश सूर्या,दामोदर सिंह,राजा रावत,रवि रावत एवं साथियो के द्वारा उनका स्वागत किया गया। स्वागत पश्चयात मंत्री अमरजीत भगत मां महामाया देवी के मंदिर पहुंचे जहां पर उन्होंने अपना मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया एवं समस्त प्रदेश वासियों के खुशहाली की कामना की जहां उनके साथ बेलतरा के अजय सिंह एवं युवा कांग्रेस के महासचिव रवि रावत मौजूद रहे। दर्शन पश्चयात मंत्री अमरजीत भगत वापस अपने हेलीकाप्टर से रायपुर रवाना हो गये बता दे की अमरजीत भगत अपने क्षेत्रिय दौरे अंबिकापुर से रतनपुर दर्शन करने पहुंचे थे। जिसके बाद वे अपने आवास रायपुर लौट गये। सिद्ध शक्ति पीठ महामाया देवी मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक लाखों भक्त दर्शन करने पहुंचे लम्बी कतारों और गर्मी के बाद भी अपने मन में उत्साह एवं श्रद्धा लिए भक्तों की आस्था माता के जयकारों से गूंजती नजर आयी, बच्चे, जवान,बुजुर्ग अपने परिवार जनों के साथ माता के दर्शन पाने को पहुंचे, जिसमे पुलिस व्यवस्था एवं आम नागरिकजनों ने व्यवस्था की सुदृढ़ कर भक्तो को तकलीफ नहीं होने दी जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सूर्या, बेलतरा के अजय सिंह, किसान कॉंग्रेस सचिव दामोदर सिंह, प्रवक्ता राजा रावत,युवा कॉंग्रेस महासचिव रवि रावत,एल्डरमेन सुभाष अग्रवाल,आशीष शर्मा,ललित अग्रवाल,कमल सोनी, इशाहक बेग,अय्यूब मेमन,भान सिंह जगत सहित खाद्य विभाग के आलाधिकारी मौजूद रहे।



### 12 वीं की गणित, कम्प्यूटर एप्लीकेशन विषय की परीक्षा संपन्न

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2022-23 अंतर्गत आज आयोजित कक्षा 12 वीं के गणित, कम्प्यूटर एप्लीकेशन विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। परीक्षा में कुल 1132 परीक्षार्थी उपस्थित और 26 अनुपस्थित रहें। परीक्षा में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलखन में 01 नकल प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

## एक नजर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात बुथो में सुनी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



सक्ती नगर मंडल के बूथ क्रमांक 155,153 वार्ड नंबर 4,6 में आज मन की बात कार्यक्रम सुना गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सक्ती विधान सभा के प्रभारी विकास केडिया मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, राम नरेश यादव, विक्रम सिंह, गजल साहू, बूथ अध्यक्ष विष्णु शर्मा, मधु सूदन शर्मा, विनोद बंसल, मनोज कुमार, पुरुषोत्तम, शेख नाजिर, विक्कु दुल्हन, लखन शर्मा, साथ में जिला उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र, जिला युवा मोर्चा के महामंत्री अभिषेक शर्मा, उपाध्यक्ष चिराग अग्रवाल, पज ब्मसस प्रभारी अरुण शर्मा, एव वार्ड वासी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देने वाला अनूठा प्रयोग है रीपा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले में 10 महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा, विकासखण्ड करतला के जमनीपाली एवं कोटमेर, कटघोरा के अरदा और रंजनाए पोड़ी.उपरोड़ा के सेमरा और कापूबहरा, पाली के केराझरिया और नोनबिर्रा एवं विकासखण्ड कोरबा के पहंदा और चिर्रा का लोकार्पण किया गया। यहाँ 60 गतिविधियों को संचालन किया जाएगा। जिसमें 356 हितग्राही लाभान्वित होंगे। कापूबहरा में दोना पत्तल निर्माण, कपूर निर्माण, चाक, मसाला, पेपर बैग, चना मुर्रा, पोल्ट्री फीड, राइस मिल आदि गतिविधियों का संचालन रीपा के माध्यम से किया जा रहा है। कापूबहरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहित राम केरकेट्टा, विधायक पाली तानाखार ने कहा कि महात्मा गांधी का जो सपना था, उसे मुख्यमंत्री बघेल साकार कर रहे हैं। रीपा से एक ही छत के नीचे गांव की महिलाओं और युवाओं को रोजगार के साधन मिलने के साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। यहां के उत्पादों से कम कीमत में गुणवत्तामूलक सामग्री मिल पाएगी। कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने कहा कि रीपा से छत्तीसगढ़ की पहचान बढ़ने के साथ गांव के लोगों को अपने आसपास रोजगार मिलेगा। वे आर्थिक रूप से सक्षम बन पाएंगे। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने रीपा के माध्यम से स्थापित प्रसंस्करण इकाइयों में गंभीरता से कार्य करते हुए योजना का लाभ उठाने कहा। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकासखण्डों में दो-दो रीपा संचालित किया जा रहा है। यह बहुत बड़ी योजना है। इससे महात्मा गांधी का ग्रामीण भारत का सपना साकार होगा। इससे ग्रामीण उद्यमियों, युवा, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य, महिला स्व.सहायता समूह जुड़े हैं। स्थानीय बाजार की आवश्यकता के अनुसार गतिविधियों का चयन किया गया है। यह ग्रामीण क्षेत्र में उद्यामिता का विकास करने वाला एक अनूठा प्रयोग और महत्वाकांक्षी योजना होने के साथ बहुत लोगों को प्रोत्साहित करने के साथ लाभान्वित करने वाला है। जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर ने रीपा अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। अतिथियों ने यहां रीपा अंतर्गत कार्यों का फीता काटकर लोकार्पण और गतिविधियों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर, गौ सेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा, डॉ शेख इश्तियाक,सदस्य मदरसा बोर्ड हरीश परसाई सदस्य खाद्य आयोगए जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोषी पेन्द्रो, जिला पंचायत सदस्य गणराज सिंह कंवर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## एलायंस एयर के मनमाने किराया बढ़ोतरी पर हाईकोर्ट का चला हंटर, केंद्र सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी को नोटिस जारी

**बिलासपुर** । बिलासपुर-इंदौर की फ्लाइट बंद करने और बिलासपुर के साथ मनमाने व्यवहार को लेकर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है. हाईकोर्ट ने एलायंस एयर के मनमाने किराया बढ़ोतरी पर लगी याचिका पर एलायंस एयर, केंद्र सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी को नोटिस जारी किया है. कोर्ट ने एयरपोर्ट को दी जाने वाली जमीन के लिए रक्षा मंत्रालय और राज्य सरकार से जानकारी भी मांगी है. जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस सैम पी कोषी की खंडपीठ ने हाईकोर्ट प्रेक्टिसिंग एडवोकेट बार एसोसिएशन की तरफ से लगाई गई जनहित याचिका पर संज्ञान लेते हुए भोपाल, इंदौर की फ्लाइट को 4-5 माह में बंद करने को लेकर कोर्ट ने कड़ा एतराज जताया है।

## खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत ने मोदी सरकार पर तानाशाही रवैय्ये का आरोप लगाते हुए 1 दिवसीय धरना

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।




छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री और सीतापुर विधायक अमरजीत भगत अपने विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के दौरे पर पहुंचे,वहीं इस दौरान उन्होंने सीतापुर पहुंचकर अपने निज निवास के सामने मोदी सरकार पर तानाशाही रवैय्ये का आरोप लगाते हुए 1 दिवसीय धरना दिया और अपने धरने के दौरान उन्होंने केंद्र की भाजपा और मोदी सरकार पर कई मुद्दों को लेकर जमकर हमला बोलते हुए बताया कि मोदी सरकार को विपक्ष को बोलने का अधिकार देना चाहिए लेकिन मोदी सरकार में विपक्ष को बोलने और आवाज उठाने का अधिकार बिल्कुल नहीं है जो काफी गलत है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि जब राहुल गांधी ने आवाज उठाया तो उनकी सदस्यता मोदी ने समाप्त करवा दिया है जिसका विरोध पूरा देश कर रहा है जो बर्दाश्त करने योग्य बिल्कुल नहीं है क्योंकि बोलने का अधिकार सबको है खासकर विपक्ष को इसलिए विपक्ष का सम्मान करना चाहिए। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में चुने गए व्यक्ति की सदस्यता समाप्त करने का काम सिर्फ मोदी सरकार ही कर सकती है जो पहले देश में कभी नहीं हुआ है जो बर्दाश्त करने योग्य बिल्कुल नहीं है जिसको जनता अब जान गई है और आने वाले समय में जनता मोदी को बताएगी। वहीं भाजपा पर तीखा हमला करते हुए खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने यह भी बताया कि मोदी सरकार देश के जनता की 100 प्रतिशत पैसों में से पूरें 80 प्रतिशत पैसे अपने पास और अपने गिने चुने लोगों को दे रहीं है बाकि बचे 20 प्रतिशत पैसों में पूरा देश मोदी सरकार चला रहीं है जिसको जनता अब जान गई है और जब इस मुद्दे को विपक्ष यानी कांग्रेस उठा रहा है तो केंद्र की मोदी सरकार को तकलीफ हो रहीं है जिसका बदला आने वाले समय में लिया जाएगा।

## रीपा से होगा आजीविका गतिविधियों का संचालन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया लोकार्पण

### जिले में 10 ग्रामीण औद्योगिक पार्क से महिलाओं और युवाओं को मिलेगा रोजगार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरबा जिले के 10 महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का उद्घाटन किया। मुंगेली जिले के सरगांव में भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री बघेल ने रीपा के कार्यों का लोकार्पण और राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण मजदूर न्याय योजना की राशि का हितग्राहियों के खाते में ऑनलाइन अंतरण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ बेरोजगारी भत्ता के वेबपोर्टल और छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 एप्लीकेशन लांच कर इसकी भी शुरुआत की। कोरबा जिले के विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा के ग्राम कापूबहरा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों ने अपने जिले में रीपा और अन्य योजनाओं से मिली सौगातों को पाकर खुशियां जाहिर की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह सम्मेलन भरोसा का सम्मेलन है और यह भरोसा आज का नहीं है बल्कि पिछले 4 सालों का है। यह भरोसा विपरीत परिस्थितियों में भी कायम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में योजनाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि धान का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। इसलिए हमने 15 से बढ़ाकर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 9 हजार में से 5 हजार गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं। इसलिए स्वावलंबी गौठान समिति के अध्यक्ष को साढ़े सात सौ और सदस्यों को 500 रुपये देने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रदेश में 4 नए मेडिकल कॉलेज खोले जायेंगे। नगर पंचायत क्षेत्र के किसानों को भी लाभान्वित करने के लिए राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की शुरुआत की गई। जैसे.जैसे गोधन न्याय योजना आगे बढ़ती जाएगी वैसे-वैसे ही हम जैविक राज्य की दिशा में आगे बढ़ते जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सम्पन्नता केवल किसानों में नहीं बढ़ी है बल्कि व्यापार, व्यवसाय, और उद्योग भी बढ़े हैं। हमारा प्रयास सभी को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि रीपा की शुरुआत होने से प्रदेश के युवाओं महिलाओं को रोजगार मिलेगा। रीपा के माध्यम से परंपरागत उद्योगों का लाभ प्रदेश के युवाओं को मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों के तर्ज पर ग्रामीण युवाओं में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सड़क, बिजली, पानी एवं भूमि उपलब्ध कराई जा रही है। आज रीपा और गौठान के माध्यम से गोबर उत्पाद से लेकर गोबर पेंट बनाने का कार्य किया जा रहा है। जो बाजार से सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल है। सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों से 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा मुख्यमंत्री ने की है। भूपेश है तो भरोसा है। ये केवल किसानों का नारा नहीं है बल्कि सामूहिक रूप से छत्तीसगढ़ के पूरी जनता का नारा है। छत्तीसगढ़ को जैविक राज्य बनाना है। रासायनिक खादों के प्रयोग से कई प्रकार की बीमारियां पैदा हो रही हैं इसलिए जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। पंचायत ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री रवींद्र चौबे अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पिछले चार साल में 1.5 लाख करोड़ से ज्यादा की राशि किसानों को दी गई है। देश में सबसे ज्यादा मूल्य पर धान की खरीदी हो रही है। इस साल से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी।

*** बेरोजगारी भत्ता का वेबपोर्टल और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 एप्प भी हुआ लांच**


*** राजीव गांधी किसान, ग्रामीण मजदूर तथा गोधन न्याय योजना के राशि का भी किया अंतरण**

# सिद्ध पीठ मां महामाया मंदिर में भक्तों ने अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए अखण्ड ज्योति कलश प्रज्वलित की

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

ग्राम नारायणपुर सहित क्षेत्र के आसपास मंदिरों में धूमधाम से चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। जहां चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ बुधवार से प्रारंभ हो गया है। जहां नवरात्रि के प्रथम दिन सिद्ध पिठ मां महामाया मंदिर में भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए अखण्ड ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है।





इसके साथ ही भक्तों ने ज्वारा भी लगाया है। जहां मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन कर अपनी मनोकामना के आचार्य के सानिध्य में विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुभ मुहूर्त में ज्योति प्रज्वलित कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में मां महामाया मंदिर में 113 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। जहां ग्राम नारायणपुर के सुरेश निर्मलकर व पड़ा गंगाराम यादव, कुमार साहू ने बताया कि चैत्र नवरात्रि का पर्व शुरू हो जाने के साथ मां के दरबार में आस्था का सैलाब देखने को मिल रहा है। मां का दरबार को सजाया गया है। जहां पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिल रही है। दर्शनार्थियों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। जहां लोग मां के दर्शन करने के लिएं दूर-दूर से आ रहें हैं जहां मंदिर में प्रतिदिन सेवा मंडलियों के द्वारा जशगीतो की प्रस्तुति दी जा रही है। चैत्र नवरात्र प्रारंभ होते हीरू चैत्र नवरात्र प्रारंभ होते ही लोगों में उत्साह व उमंग के साथ ही वातावरण में धार्मिकता का बोध होने लगा हैं।

नवरात्रि के पंचमी पर मा देवी का विशेष श्रृंगार के साथ विशेष पूजा अर्चना कि जाती है। जिसमें सभी वर्ग के लोग इन दिनों शक्ति की देवी मां जगत जननी की आराधना उपासना में जुटे हुए हैं। जहां मंदिरों में घंटी व शंख की गूंज से गांव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। मां दुर्गा की नवरुपों की उपासना किया जा रहा है। शाम होते ही मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रहती है। मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। जगह-जगह जगत जननी मां दुर्गा की जयकारा से पूरा वातावरण दुर्गोमय बना हुआ है। मां के दर्शन करने लोग मंदिरों में पहूंच रहें और और मनोकामना पूर्ति की मन्नतें मांग रहे हैं। मंदिरों में भक्तों का तांता लग रही है। साथ ही लोगों ने बताया कि माता रानी की पूजा अर्चना करते हुए जनकल्याण की कामना कर रहे हैं।

वर्ष में दो बार चैत्र नवरात्र और शारदीय नवरात्रि आती है

*इसमें मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा की जाती है। हालांकि वर्ष में दो बार गुप्त नवरात्रि भी आती हैं। लेकिन चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि की मान्यता ज्यादा है। सवंत् 2078 आरंभ 13 अप्रैल से हूआ है। प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नवरात्रि प्रारंभ होता है। इसी दिन घटस्थापना की जाती है। चैत नवरात्रि के समय ही राम नवमी का पावन पर्व भी आता है। चैत्र नवमी के दिन भगवान राम का जन्म हुआ था। इसलिए इसे राम नवमी कहा जाता है। जहां पर्व को लेकर गांवों तक माता रानी की पूजा अर्चना की जाती है व भक्त उपवास रखकर पूजा अर्चना करते हैं।*

## एक नजर

### श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।



भगवान श्रीराम जन्मोत्सव दुलदुला क्षेत्र धूमधाम से मनाया जा रहा है। रामनवमी के तैयारी कर क्षेत्र में कई जगह से शोभा यात्रा निकाला जा रहा है। इसी कड़ी में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, धर्म जागरण विभाग के द्वारा शोभा यात्रा निकाला गया जो विकास खंड दूलदुला के ग्राम पतराटोली बजरंग बली मंदिर प्रागण से विधिवत पूजा अर्चना कर निकाला गया जो पतराटोली से लोरो, कस्तुरा, जामटोली, सिन्धवारटोली, कोरना, दुलदुला होते हुए पुनः पतराटोली हनुमान मंदिर पहुंच कर शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा को विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष करनेल सिंह धर्मजागरण जिला सह संयोजक अशोक गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार यादव विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष रविकांत श्र्मा पूजन अर्चन प्रमुख पारशनाथ मिश्र के द्वारा भगवान का जयकारा लगवा कर शुभारम्भ किया गया। शोभायात्रा को सफल बनाने में पतराटोली बजरंग समिति के नव जवान दुर्गा वाहनी के बहने का विशेष योगदान रहा।

### अश्लील विडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने वाला युवक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



प्रार्थिया पीड़िता अपने परिजनों के साथ पुलिस चौकी मारो थाना नांदघाट में हाजिर आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया की 24 मार्च 2023 से 05 माह पूर्व सुशील साहू के द्वारा नहाते हुए विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए बोला मना करने पर विडियो वायरल करने की धमकी दिया कि ओरोपी द्वारा पीड़िता की इच्छा के विरूद्ध नाबालिग जानते हुए अपने घर में बार-बार शारीरिक संबंध बनाया कि रिपोर्ट पर पुलिस चौकी मारो थाना नांदघाट में अपराध सदर धारा 376,376,2, एन, 506 भादवि, 4,6 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस चौकी मारो के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरापी सुशील साहू को 25 मार्च 20223 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### स्कूल संचालक ने लगाई फांसी...पोती ने दादा को देखा लटके...सुसाइड नोट में बेटा-बहू का नाम

**बिलासपुर** । छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के दयालबंद निवासी छेदीलाल कश्यप ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। छेदीलाल शिक्षा पब्लिक स्कूल का संचालन किया करते थे, इसके अलावा शिखा वाटिका के नाम पर उनका मंगल भवन भी संचालित होता था। छेदीलाल ने अपने पुराने निर्माणाधीन दफ्तर में फांसी लगाकर खुदकुशी की है, जहां से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है, जिसमें जमीन और संपत्ति विवाद का जिक्र है, तो बड़े बेटे-बहू और उसके रिश्तेदार का नाम लिखा हुआ है। छेदीलाल की उम्र तकरीबन 68 साल हो चुकी थी, उनके तीन बेटे हैं। पुलिस के मुताबिक स्कूल, मंगल भवन के अलावा उनका एक हॉस्टल भी है। जानकारी के मुताबिक मंगल भवन के पास ही एक नया ऑफिस बन रहा है। शुक्रवार की शाम पुलिस को जानकारी मिली कि छेदीलाल की लाश निर्माणाधीन ऑफिस के अंदर फंदे पर लटकती मिली है। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान पूछताछ करने पर पता चला कि वह दोपहर में ऑफिस देखने के लिए निकले थे। उसकी 5 साल की पोती दोपहर करीब दो बजे उन्हें बुलाने के लिए गई, तब ऑफिस के अंदर उसके दादा का शव फांसी पर लटका हुआ दिखाई दिया। इसे देखकर वो चिल्लाती हुई बाहर आई और परिजनों को इसके बारे में बताया। जांच के दौरान पुलिस ने पुराने ऑफिस की तलाशी ली, तब दो पन्ने का सुसाइड नोट मिला। जिसमें छेदीलाल ने अपने बड़े बेटे और बहू के साथ ही उसके रिश्तेदार जोकि आदतन बदमाश है इनका नाम लिखा है।

# दूसरे के दस्तावेजों से फायनेंस कर बेच देते थे वाहन, तीन शातिर ठग गिरफ्तार

## धोखाधड़ी के आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई** । खुर्सीपार निवासी बीएसपी कर्मी हेमंत कुमार के दस्तावेज लेकर फर्जी तरीके से बुलेट बाइक, कार, वॉशिंग मशीन तथा मोबाइल फायनेंस कराकर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने खुर्सीपार निवासी शिवा उर्फ शिवकुमार, भिलाई तीन निवासी श्रीनिवास व अभनपुर निवासी योगेश सोनवानी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इनके पास से लगभग 3 करोड़ रुपए का मशरुका बरामद किया है जिसमें 10 कार, 1 बुलेट बाइक, 1 वॉशिंग मशीन व दो मोबाइल फोन बरामद किया है। तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

खुर्सीपार निवासी बीएसपी कर्मी हेमंत कुमार ने एक दिन पहले ही खुर्सीपार थाने पहुंचकर इन शातिरों के खिलाफशिकायत दर्ज कराई थी। उसने शिकायत में बताया था कि उसने बेटी की शादी के लिए 20 हजार रुपए शिवा से मांगे थे। इसके बाद शिवा व उसके दोस्त श्रीनिवास ने उसे रायपुर ले जाकर योगेश सोनवानी से मिलाया। 20 हजार देने के बदले इन तीनों ने हेमंत कुमार के दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक व चेक का इस्तेमाल का एक बुलेट, एक एक्सयुवी, वॉशिंग मशीन व दो मोबाइल फोन फायनेंस करा दिया। जब किस्त की रिकवरी के लिए बैंक कर्मी इनके घर पहुंचे तब इन्हें ठगी का पता चला। इस मामले में शिकायत के बाद खुर्सीपार पुलिस ने धारा 420, 120 बी के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

# भारत देश में लोकतंत्र खतरे में है-त्रिलोक चन्द जायसवाल

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

*देश का लोकतंत्र खतरे में है संविधान का दुरुपयोग किया जा रहा उक्त विचार स्व बिसाहू दास महन्त उद्यान में प्रदेश कॉग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित सत्याग्रह आंदोलन के अवसर पर शहर कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल ने कही जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दिगम्बर चौबे ने कहा कि कानून में प्रावधान का मजाक उड़ाया जा रहा है।*



सविधान की व्याख्या बदली जा रहे राहुल गांधी को पहले संसद में बोलने से रोका गया अब उनकी सदस्यता समाप्त कर लोकतंत्र का खुला उल्लंघन किया है देश मे बोलने की स्वतंत्रता है जागेश्वर सिह राज ने कहा कि पूरा देश आज राहुल जी साथ है आने वाले समय मे देश की जनता जवाब देगी जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश राठौर ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है इस बात को गांव-गांव जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है राहुल का मुंह बंद करने की साजिश है जिला महिला कॉग्रेस के अध्यक्ष गीता देवांगन अलका जायसवाल, रोहित यादव, अमित राठौर,राजीव जायसवाल ने भी सत्याग्रह आंदोलन को सम्बोधित किया ब्लाक कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण सक्ती मे सत्याग्रह आंदोलन में शामिल हुए क्रांग्रेस जन त्रिलोक चंद दादू जायसवाल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, कन्हैया कुमार अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण,राजेश राठौर अध्यक्ष जनपद पंचायत शक्ति, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दिगंबर चौबे, गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, गीता देवांगन जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री अलका जयसवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेश गेवडीन, राकेश रोशन महंत,महबूब खान आनंद अग्रवाल,कमल शर्मा,रथ राम पटेल, हरीश अग्रवाल, भुरु अग्रवाल, प्यारे लाल पटेल, देवेंद्र राठौर, घनश्याम देवांगन, लाला सोनी, पार्षद राम सजीवन देवांगन,सूरत सोना,रोहित यादव, लेख राज, लाल बहादुर खांडे,नंदकिशोर पटेल,भरण चंद्रा घसिया दास महंत,रंग भरे डीजे धीरे रनसाय बरेठ, तेजा धीरहे,सुरेश डेंसिल मनोज जयसवाल,मेनका जायसवाल, रूपेश जायसवाल मोतीलाल पटेल,उमेश साहू, जागेश्वर सिंह, जागेश्वर सिंग सिदार,लीलाधर सिंह नेताम मनीराम, अयोध्या सिंह नेताम रिक्की सेवक,सचिव पटेल, चांदनी सहीस, नवरतन, रामेश्वर बरेठ,रमेश कुमार, गौरी शंकर यादव सहित क्रांग्रेसजन सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन जिला कॉग्रेस कमेटी के स महामंत्री गिरधर जायसवाल अधिवक्ता राकेश महन्त ने किया।

# छत्तीसगढ़ सरकार अपने किए वादे से मुकर रहे -प्रांत अध्यक्ष खांडेकर

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफ ाई कर्मचारी कल्याण संघ जिला बिलासपुर के जिला स्तरीय बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारी साथियों को संबोधित करते हुए प्रांत अध्यक्ष संतोष खांडेकर ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा 2018 में घोषणा पत्र विधानसभा चुनाव में कहा था। कांग्रेस की सरकार बनने पर आपको पूर्ण कालीन कलेक्टर दर दी जाएगी परंतु छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की 4 साल से अधिक हो गया अभी तक अपने किए गए घोषणापत्र के वादा को अमल नहीं कर रही हैं। जबकि छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार से चुनावी बजट 2023 में उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है। कि 12 वर्ष से लंबित मांग अंशकालीन से पूर्ण कालीन कलेक्टर दर मिल जाएगी जो कर्मचारियों की1 सूत्री मांग है। इस लड़ाई को लेकर सफ ाई कर्मचारी कल्याण संघ लंबे वर्षों से सड़क से लेकर सदन तक अपनी आवाज को लगातार धरना प्रदर्शन आंदोलन रैली ज्ञापन एवं मुख्यमंत्री मंत्री विधायक जनप्रतिनिधि निगम मंडल आयोग के सदस्य अध्यक्ष से लगातार मिलकर के मांगों को लेकर संघर्षरत है। व अनेकों बार निवेदन किया जा चुका है। जबकि छत्तीसगढ़ के इस साल के अंतिम बजट 1 लाख हजार करोड़ से भी अधिक है। और स्कूल सफ ाई कर्मचारियों को पूर्ण कालीन कलेक्टर दर पर सरकार को मात्र 500 करोड़ रूपए वित्तीय भार आ रहा है। इसको भी सरकार पूर्ण नहीं कर रही हैं 21 मार्च 2023 को स्कूल सफ ाई कर्मचारी ने नया रायपुर धरना स्थल तूता में प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन कर विधानसभा घेराव हजारों की संख्या में निकल कर प्रदर्शन किया था। जिसको पुलिस प्रशासन ने बीच रास्ते में रोककर प्रदर्शनकारियों के पदाधिकारियों के खिलाफ एफआई आर दर्ज कर लिया गया है। कर्मचारी नेता खांडेकर ने कहा कि हम सरकार के वादाखिलाफ ी दमनकारी से नहीं डरने वाले जैसे-जैसे सरकार हमारे सफाई कर्मचारियों के अनेक प्रकार का वादाखलाफ ी दमन किया जा रहा है।



हमारी संगठन का और उग्र प्रदर्शन होते जाएगा हमें अपनी संवैधानिक अधिकार पूर्ण कलेक्टर दर को लेकर रहेंगे 14 अप्रैल 2023 को दुर्ग जिला के पाटन विधानसभा में माननीय मुख्यमंत्री को आमंत्रित कर डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने का कार्यक्रम एवं 30 से 35 हजार संख्या में आम सभा कर मुख्यमंत्री मंत्री विधायकों कांग्रेस को नेताओं को बुलाने का कार्यक्रम भी निर्धारित है जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती है तब तक अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल है 1 से 7 अप्रैल के बीच छत्तीसगढ़ शासन स्तर से पूर्ण कालीन कलेक्टर दर को लेकर चर्चा होना है। जिला स्तरीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संतोष खांडेकर डेकर प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा,दिलीप काछी, संतोष नवरंग, विद्यानंद निर्मलकर, संतोष बंजारे, रमेश निर्मलकर, लखन यादव, सैकड़ों की तादात में कर्मचारी उपस्थित थे सभी ने संकल्प लिया कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती तब तक काम बंद हड़ताल आंदोलन रहेगा यह जानकारी मीडिया में जिला के शेखर बैशवाड़े न दी हजारों कर्मचारियों नेता के ऊपर लगे धारा को समाप्त करने की समाप्त की जाए ने नहीं तो सभी जिलों में पित करने के खिलाफ जंगी प्रदर्शन भी हो सकती है। सफाई कर्मचारियों का अंशकालीन से पूर्ण कालीन नहीं होने पर स्कूल सफाई कर्मचारियों ने उनके परिवारों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व नाराजगी है।

# पुरानी रंजिश से दो की हत्या, आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



24 मार्च 2023 को रात्रि करीबन 08 बजे बचेडी गांव के रहने वाले दोनों मृतक अपने-अपने मोटर सायकल में देवकर से गांव वापस बचेडी आ रहे थे। जिसे डेहरी रोड में पंचु निषाद के घर के सामने बद्री यादव ने डंडे से मारपीट कर रहा है। कि सूचना पर गांव के सरपंच व अन्य लोगों के साथ मौके में आये जहां विनोद यादव एवं सुरेश ध्रुर्वे दोनो रोड में बिहोस लहू लुहान पड़े थे। सिर में कई जगह गहरा चोट था। दोनों के पहने कपड़े में खुन लगा है रोड में खुन गिरा हुआ है एवं दोनों का मोटर सायकल भी पड़ा है जिसे उपचार हेतु शासकीय अस्पताल साजा ले गये जहां डॉ. द्वारा चेकप करने पर दोनो घायलों को मृत होना बताया। विनोद यादव एवं सुरेश ध्रुव को गांव के बद्री यादव ने किसी रंजिश के चलते दोनों के सिर में डंडा से जान से मारने की नियत से प्राण घातक चोट पहुंचा कर हत्या किया है प्रार्थी कि रिपोर्ट पर पुलिस चौकी देवकर थाना साजा में अपराध सदर धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस चौकी देवकर स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी बद्री यादव को हिरासत में लेकर पुछताछ करने से पता चला वह अपने गाय। बैल को घर सामने गली में बांधते थे तो मृतक सुरेश ध्रुव एवं विनोद यादव उसे परेशान करते थे। तथा उसके गाय, बैल को रात में ढील देते थे। ऐसे ही बहुत दिन से चले आ रहा था मृतक लोग काफी समय से छोटी दृछोटी बातो को लेकर उससे अक्सर विवाद करते रहते थे जिससे वह बहुत परेशान होकर उक्त घटना को कारित किया।

# केवल सिंह मरकाम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सोनहत भरतपुर विधायक से मीडिया के माध्यम से किये कुछ सवाल


जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एमसीबी अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सोनहत भरतपुर विधायक से प्रेस मीडिया के माध्यम से कुछ सवाल किए। कहा इनकी पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा कल 25 मार्च 2023 धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जो स्पष्ट है जिस जगह में धरना प्रदर्शन किया जा रहा था वहां धरना प्रदर्शन करने का अनुमति किसने दिया। सत्ता पक्ष विपक्ष आपसी राजनीति चमकाने के लिए। एक हो जाते हैं वही एक आदिवासी महिला पर फर्जी पित के तहत शराब के मामले में जेल भेज दिया जाता है। सोनहत भरतपुर विधायक उसमें चुप्पी साधे हुए हैं जो और 26 मार्च 2023 को विधायक फिर से धरना में बैठ गए गांव की जनता सब जाग चुकी है। कलेक्टर को कई बार हमने आवेदन दिया उस पर कार्यवाही नहीं हो रही है उस पर भी चुप्पी साधे हुए हैं। अहम विषय आपके गृहग्राम साल्ही में ऐसे कई मामला है। जिस पर आज तक गुलाब कमरो कुछ नहीं बोल रहे हैं।



* गौठान निर्माण कार्य पूर्व से आरक्षित भूमि जिसका ख. नं.279 है। उस पर न बनाकर ख. नं 149 पर नियम विरुद्ध बिना ग्रामसभा का जबरन बनाया गया है।
* वनाधिकार पत्र हेतु जगरनाथ सरपंच के छोटा भाई सुरजीत कमरो विधायक का छोटा भाई,पवन सिंह वनाधिकार समिति अध्यक्ष का गलत तरीके से नियम विरुद्ध फाईल तैयार करके भेजा गया।
* जगरनाथ द्वारा गलत तरीके से पूर्वजों से काबिज मनोहर का जमीन को अन्य किसान का बताकर बिना निराकरण और सार्वजनिक किये बिना ही गोपनीय तरीके से रजिस्ट्री कराई गई है।
* सन 1980-81 में तात्कालिन ग्राम पटेल द्वारा पवन शर्मा, राधिका देवी,सुमनलता के नाम गोपनीय तरीके से नियम विरुद्ध पट्टा दिया गया है। जिसका मामला एसडीएम मनेन्द्रगढ़ में विचाराधीन है।

ये सिर्फ उनके गृहग्राम साल्ही का मामला है। मामला में विधायक आज तक क्यों कुछ नहीं बोल रहे हैं। इन सब मामलों में कब कार्यवाही होगी। अपने गांव के मामले में चुप्पी क्यों साधे हुए विधायक गुलाब कमरो गलत करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं करवाते है। बल्कि उनका संरक्षण देते हैं। ऐसा क्यों विधायक इस पर भी आवाज उठाईये और कार्यवाही करवाईये।



पंजियन क्र.-56/107/91

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी

जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

प्रदेशाध्यक्ष
इंजी. संजय सिह कमरो
इंजीनियरिंग डि.इन इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन (भोपाल)
ग्राम-तिलवनडांड, पो.-नगर
जिला-कोरिया (छ.ग.) पिन-437335
मो.-9617707376, 799909215

जिलाध्यक्ष
केवल सिंह मरकाम
ग्राम-साल्ही, पो.-कठौतिया
तह.-मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)
पिन-497442
मो.-7440390558

दिनांक 26/03/2023

प्रेस विज्ञप्ति

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एमसीबी अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सोनहत भरतपुर विधायक से प्रेस मीडिया के माध्यम से कुछ सवाल किए। कहा इनकी पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा कल दिनांक25/03/2023 धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जो स्पष्ट है जिस जगह में धरना प्रदर्शन किया जा रहा था वहां धरना प्रदर्शन करने का अनुमति किसने दिया। सत्ता पक्ष विपक्षआपसी राजनीति चमकाने के लिए। एक हो जाते हैं वही एक आदिवासी महिला पर फर्जी f.i.r.के तहत शराब के मामले में जेल भेज दिया जाता है। सोनहत भरतपुर विधायक उसमें चुप्पी साधे हुए हैं जो और आज दिनांक 26/03/2023 को विधायक महोदय फिर से धरना में बैठ गएगांव की जनता सब जाग चुकी है

कलेक्टर महोदय को कई बार हमने आवेदन दिया उस पर कार्यवाही नहीं हो रही है उस पर भी चुप्पी साधे हुए हैं। अहम विषयआपके गृहग्राम साल्ही में ऐसे कई मामला है।जिस पर आज तक गुलाब कमरो जी कुछ नहीं बोल रहे हैं।(1) गौठान निर्माण कार्य पूर्व से आरक्षित भूमि जिसका ख. नं.279 है।उस पर न बनाकर ख. नं 149 पर नियम विरुद्ध बिना ग्रामसभा का जबरन बनाया गया है।(2) वनाधिकार पत्र हेतु जगरनाथ(सरपंच जी के छोटा भाई) सुरजीत कमरो (विधायक का छोटा भाई),पवन सिंह(वनाधिकार समिति अध्यक्ष) का गलत तरीके से नियम विरुद्ध फाईल तैयार करके भेजा गया।(3) जगरनाथ द्वारा गलत तरीके से पूर्वजों से काबिज मनोहर का जमीन को अन्य किसान का बताकर बिना निराकरण और सार्वजनिक किये बिना ही गोपनीय तरीके से रजिस्ट्री कराई गई है। (4) सन 1980-81 में तात्कालिन ग्राम पटेल द्वारा पवन शर्मा, राधिका देवी,सुमनलता के नाम गोपनीय तरीके से नियम विरुद्ध पट्टा दिया गया है। जिसका मामला आज एसडीएम मनेन्द्रगढ़ में विचाराधीन है।।ये सिर्फ उनके गृहग्राम साल्ही का मामला है।ये सब मामला में विधायक जी आज तक क्यों कुछ नहीं बोल रहे हैं।इन सब मामलों में कब कार्यवाही होगी।अपने गांव के मामले में चुप्पी क्यों साधे हुए विधायक गुलाब कमरो जी।गलत करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं करवाते है।बल्कि उनका संरक्षण देते हैं। ऐसा क्यों विधायक जी? इस पर भी आवाज उठाईये और कार्यवाही करवाईये।।

केवल सिंह मरकाम
जिलाध्यक्ष
गोंडवाना गणतंत्र पार्टी
जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)
जिला - एमसीबी

# बलौदाबाजार जिले को टीबी उन्मूलन में मिला कांस्य पदक, कलेक्टर ने दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-
बलौदाबाजार।




बड़ी उपलब्धि

पूर्व में कायाकल्प एवं राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र में पुरस्कृत होने के पश्चात अब बलौदाबाजार ने टीबी रोग के उन्मूलन में भी पुरस्कार प्राप्त किया है। गत 24 मार्च को पूरे देश में विश्व क्षय दिवस मनाया गया उसी अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में वाराणसी में आयोजित विश्व टीबी समिट में क्षय रोग उन्मूलन की ओर बढ़ रहे छत्तीसगढ़ के चार जिलों को सम्मानित किया गया जिसमें बलौदाबाज़ार. भाटापारा जिले को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। यह जानकारी जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम पी महिस्वर ने दी। इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए जिला क्षय रोग नोडल अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया किए पूरे देश से वर्ष 2025 एवं छत्तीसगढ़ से वर्ष 2023 तक टीबी रोग का उन्मूलन किया जाना है। इसी लक्ष्य की पूर्ति हेतु बलौदाबाजार भाटापारा जिला कांस्य पदक हेतु नामांकित हुआ था जिसे सब नेशनल सर्टिफिकेशन कहा जाता है। जिले में यह परीक्षण बाह्य एवं स्वतंत्र मूल्यांकन संस्था आई ए पी एस एम इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रीवेंटिव सोशल मेडिसिनद्ध ने किया जिसकी टीम लीडर डॉ सुमित धुर्वे थी। जिसके लिए जिले में 10 हजार घरों का सर्वे नियमानुसार 20 दिन में पूरा किया गया। सर्वे में बलगम का संग्रहण,उसकी जांच के साथ-साथ वर्ष 2015 से लेकर 2022 तक के सभी रिकार्ड का भी परीक्षण किया गया। इसमें निक्ष्य पोर्टल,टीबी रजिस्टर, ट्रीटमेंट कार्ड,लैब रजिस्टर और दवाइयों के भंडारण का मिलान सम्मिलित है। परीक्षण टीम ने आंतरिक एवं बाह्य दोनों ही स्तरों पर यह जांचा की क्या जिले में टीबी उन्मूलन में सफलता मिल रही है। आंतरिक रूप से दस्तावेजों का सत्यापन किया गया तथा बाह्य मूल्यांकन के तहत टीबी की दवा बेच रहे केमिस्ट के स्टोर में भी भ्रमण कर उनके विक्रय की समीक्षा की गई एवं इसके अतिरिक्त नॉमिनल ग्रुप तकनीक एनजीटी के माध्यम से प्राइवेट डॉक्टर के मिस्ट,औषधि निरीक्षकों की बैठक कर जिले में टीबी रोग की स्थिति का परीक्षण किया गया। उक्त बहु स्तरीय मूल्यांकन की प्रक्रिया के पश्चात स्कोरिंग की वैज्ञानिक विधि द्वारा जिले में पिछले सात वर्षों में 20 प्रतिशत टीबी के प्रकरण कम होना पाए गए। जिस उपलब्धि पर बलौदाबाजार को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है।

## कलेक्टर ने दी बधाई

कलेक्टर रजत बंसल इस उपलब्धि के लिए पूरे स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा आप सभी इसी लगन एवं मेहनत से कार्य करतें रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

## क्या और कैसे होता है टीबी

टीबी एक संक्रामक रोग है जो हवा के माध्यम से संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। किसी व्यक्ति को दो हफ्ते से अधिक की खांसी, छाती में दर्द, वजन में कमी,भूख ना लगना, बलगम के साथ कभी कभी,खून आना,शाम को पसीने के साथ हल्का बुखार के लक्षण हो तो उसे टीबी हो सकता है। ऐसी दशा में नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपनी जांच करवानी चाहिए। यह लाइलाज रोग नहीं है छः माह डॉट्स का कोर्स लेकर मरीज पूरी तरह से ठीक हो सकता है लापरवाही करने पर जान भी जा सकती। जिले में टीबी की जांच की आधुनिक मशीनें उपलब्ध है तथा उसका जांच और उपचार पूरी तरह से निरूशुल्क है इसके अतिरिक्त शासन के निक्ष्य पोषण योजना द्वारा मरीज को प्रतिमाह 500 रुपये की सहायता राशि भी नकद उसके खाते में प्रदान की जाती है। जिले में वर्ष 2022 में 1340 मरीज चिन्हित किये गए। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कोई भी सक्षम व्यक्ति या संस्था चाहे तो टीबी के उपचाररत मरीजों को निक्ष्य मित्र बनकर गोद ले उन्हें अलग से पोषण सहायता भी प्रदान कर सकते हैं। जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी ने इस उपलब्धि के लिए जिला कलेक्टर रजत बंसल के दिशा निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एम पी महिस्वर के मार्गदर्शन सहित समस्त चिकित्सा स्टाफ और मितानिन कार्यक्रम को सहयोग हेतु धन्यवाद दिया है एवं आशा जताई है कि भविष्य में रजत एवं स्वर्ण पदक प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर

# नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी सदस्य गोपन्ना रिहा

### 20 मामलों में से एक में भी सबूत पेश नहीं कर पाई बस्तर पुलिस



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में लंबे समय से माओवादी संगठन में सेंट्रल कमेटी मेंबर रहे नक्सली नेता गजराला सत्यनारायण रेड्डी उर्फ गोपन्ना मरकाम को शनिवार को सभी आरोपों से बरी करते हुए केंद्रीय जेल जगदलपुर से रिहा कर दिया गया है। पुलिस उनके ऊपर लगे 18 से अधिक मामलों में से एक भी मामला सिद्ध नहीं कर पाई और सभी आरोप निराधार पाते हुए न्यायालय ने नक्सली नेता गोपन्ना मरकाम को रिहा करने के निर्देश दिए और शनिवार को केंद्रीय जेल जगदलपुर से गोपन्ना को रिहा कर दिया गया है। वरिष्ठ पत्रकार और जानकार मनीष गुप्ता ने बताया कि गोपन्ना 1980 से नक्सल संगठन से जुड़ा हुआ था, और लंबे समय तक बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा बस्तर और आंध्रा, ओड़िशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र के बॉर्डर में सक्रिय रहा, नक्सली संगठन में गोपन्ना को सेंट्रल कमेटी का सदस्य बनाया गया था. साल 2006 में राजधानी रायपुर से लगे गरियाबंद में पुलिस ने गोपन्ना को तस्कर समझकर गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी बड़े ही नाटकीय अंदाज में हुई थी और गिरफ्तारी के दौरान गोपन्ना नक्सलियों के छत्तीसगढ़ ओड़िशा बॉर्डर जोनल कमेटी का सचिव और केंद्रीय कमेटी का सदस्य था, पुलिस ने उसे तुक्के में तस्कर समझ कर गिरफ्तार किया था, और उसके बाद उसकी पहचान नक्सली नेता गोपन्ना मरकाम के रूप में हुई थी, लगभग 16 साल केंद्रीय जेल जगदलपुर में रहने के बाद भी गोपन्ना पर पुलिस द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार पाए गए, इन सभी मामलों में पुलिस के द्वारा सबूत पेश नहीं करने के चलते न्यायालय ने गोपन्ना मरकाम को बाईज्जत बरी कर दिया.

## केंद्रीय जेल जगदलपुर से हुई रिहाई

गौरतलब है कि बीते शनिवार को एक तरफ जहां सीआरपीएफ के 84वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए देश के केंद्रीय मंत्री अमित शाह बस्तर से नक्सलवाद खात्मे की ओर है की बात कह रहे थे, वहीं दूसरी तरफ शनिवार को ही बस्तर के केंद्रीय जेल से इतने बड़े नक्सली नेता की रिहाई हो गई।

# 28 को होगा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में दीक्षा समारोह



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के चतुर्थ दीक्षा समारोह विश्वविद्यालय के कोनी स्थित नवीन परिसर के चतुर्थ तल सभागार में मंगलवार, 28 मार्च 2023 को आयोजित है। उक्त जानकारी देते हुए बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों को कुलपति अरुण दिवाकरनाथ बाजपेयी ने बताया कि यह प्रथम अवसर है, कि विश्वविद्यालय का दीक्षां समारोह स्वयं विश्वविद्यालय के भवन मेंआयोजित किया जा रहा है। इस दीक्षां समारोह के अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन करेंगे। दीक्षां समारोह के मुख्य अतिथि फिजी गणराज्य के भारत में उच्चायुक्त कमलेश शशि प्रकाश होंगे तथा दीक्षां भाषण देंगे । इस समारोह के अति विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल होंगे।अन्य विशिष्ट अतिथियों में अरूण साव, सांसद बिलासपुर लोकसभा, श्रीमती रश्मि सिंह, संसदीय सचिव एवं विधायक तखतपुर, शैलेष पाण्डेय, विधायक बिलासपुर एवं रजनीश सिंह विधायक, बेलतरा होंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के द्वारा 58 स्वर्ण पदक तथा 7 स्वर्ण पदक शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ को प्रदान किया जाना है। जिसमें 47 विद्यार्थियों द्वारा अब तक पंजीयन कराया गया है।विश्वविद्यालय में कुल 27 दानदाताओं के द्वारा मेडल प्रदान किया जाता है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 में केवल स्वर्ण पदक प्राप्त विद्यार्थियों को ही दीक्षां समारोह में मेडल प्रदान किये जाते है। माननीय कुलपति के इच्छा को विद्यापरिषद् एवं कार्यपरिषद् के अनुमोदन के पश्चात् प्रवीण्य सूची के 02 से 10 तक के विद्यार्थीयों को भी पहली बार उपाधि प्रदान की जा रही है।विश्वविद्यालय के कुल 650 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान किया जाना था।

# केंद्र से मांग करता हूं, हमारे उद्योगपतियों को एसईसीएल से कोल लिंकेज मिले-भूपेश बघेल



**रायपुर।** ऑल इंडिया स्टील कॉन्क्लेव विजन 2030 का आयोजन नवा रायपुर स्थित एक होटल में हो रहा है। छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन ने इस आयोजन में देश भर के स्टील कारोबारी मौजूद हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि इसका लाभ छत्तीसगढ़ के स्टील उद्योगपतियों को मिलेगा। विश्व व्यापार में प्रदेश के उद्योगपतियों का योगदान है। छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति पूरे देश में सबसे अच्छी है। हमारी नीति से कोई उद्योग घाटे में नहीं गए। कोरोना काल में आक्सीजन देने का काम यहां के उद्योगपतियों ने किया। इस दौरान उद्योगों को आक्सीजन मिले इसका भी ध्यान रखा गया। हमने बिजली और जमीन में छूट दी, जिससे स्टील सेक्टर में अधिक mou हुए। हमारे उद्योगपतियों को एसईसीएल से कोल लिंकेज मिले इसकी मैं केंद्र से मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि स्टील उद्योगों की बिजली और कोयला सबसे बड़ी समस्या है। कोई लिंकेज का नहीं मिलना उद्योगपतियों के लिए बड़ी परेशानी है। मैंने पीएम और कोल मंत्री को भी पत्र लिखा है। कोल लिंकेज हमारे उद्योगपतियों को दिया जाए ताकि उद्योग चलाने में आसानी हो।

# हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाली प्रभात फेरी

जोहार छत्तीसगढ़-
पालीडीही।



पत्थलगांव में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हिंदू नववर्ष जागरण अभियान निकाला गया। जिसके पश्चात हिंदू नववर्ष के दिन भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त नगरवासी सम्मिलित थे। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। प्रभात फेरी का प्रारंभ पुरानी बस्ती के शासकीय विद्यालय से किया गया। प्रभात फेरी के पश्चात संघ प्रार्थना कर सभी स्वयंसेवकों द्वारा गीत का गायन किया गया। जिसके पश्चात माननीय जिला संघचालक मुरारी लाल अग्रवाल के द्वारा पुरानी बस्ती शाखा की घोषणा की गई। जिसमें शाखा का नाम लव कुश विद्यार्थी शाखा, रखा गया एवं स्वयंसेवकों में दायित्व का वितरण किया गया। जिसके उपरांत पुरानी बस्ती के स्वयंसेवकों को ध्वज एवं ध्वज स्टैंड उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में धर्म जागरण के संभाग प्रमुख दीपक राम के द्वारा हिंदू नववर्ष के विषय में उद्बोधन दिया गया। जिसके पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कार्यकारिणी, खंड कार्यकारिणी एवं नगर कार्यकारिणी के समस्त दायित्ववान कार्यकर्ताओं के साथ नगर के समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में 2 बालिकाओं की मौत, एक भर्ती, 3 स्वस्थ

### जिला प्रशासन ने मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रूपए का चेक सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़-
सारंगढ़।






सारंगढ़ सराईपाली मार्ग में ग्राम बटाउपाली के पास आज प्रात: 7.8 बजे के बीच सड़क दुर्घटना में 2 बालिकाओं की मृत्यु हुई है। एक बालिका को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रिफ र किया गया है। उसकी हालत नॉर्मल बताया गया है। तीन बालिकाओं को मामूली चोंट आई थी। जिसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारंगढ़ से इलाज कराकर घर लौट गए हैं। राज्य शासन की ओर से सड़क दुर्घटना में मुआवजा के इस 2 प्रकरण में मृतक के परिजनों को 25-25 हजार के चेक दिए हैं। कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने इस सड़क हादसे में 2 बालिकाओं की मृत्यु पर दुख व्यक्त की हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम बटाउपाली में एक आदिवासी परिवार के देवी-देवताओं की पूजा पुजई कार्यक्रम में उनके रिश्तेदार आए थे। इन मेहमान परिवार के 3 और घर के 3,कुल 6 बालिकाएं नहाने के लिए तालाब की ओर जाने के लिए सड़क किनारे खड़े थे। किसी अज्ञात हाईवा ट्रक चालक ने लापरवाही गाड़ी चलाकर हादसे को अंजाम दिया है। उस अज्ञात अपराधी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध पंजीयन किया गया है। जिसमें 279, 337 और 304, की धारा लगाई गई है। इस घटना में कविता सिदार पिता रूखमन और अंजू सिदार पिता सुखदेव की मृत्यु हुई है। राखी सिदार पिता प्रेमलाल को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रिफ र किया गया है। तीन बालिका डिंकी गोंड, अंतरा सिदार और भारती सिदार इलाज कराकर घर लौट चुकी हैं।

# युवा कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री मोदी का जलाया पुतला

जोहार छत्तीसगढ़-
बलौदाबाजार।



प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीदी पलक वर्मा,युवा कांग्रेस के लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष भैया आकाश शर्मा एसंगठन प्रभारी मंत्री एवं जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार राहुल गांधी के विरूद्ध केन्द्र सरकार के द्वारा साजिश कर झूठे केस करवाने का आरोप लगाते हुए शनिवार को बी विधानसभा कसडोल के अन्तर्गत आने वाले युवा कांग्रेसियों के द्वारा लवन के तहसील चौक पर प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन किया गया। युवा कांग्रेस नेताओ ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफआंदोलन करते आ रहे है। उन्हें ईडी और सीबीआई के द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है। गुजरात के झूठे मामले में हमारे नेता को दो साल की सजा सुनाई गई। जिसके बाद उसकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई। निश्चित तौर पर यह लोकतंत्र की हत्या एवं सत्ता के नशे में चूर तानाशाही रवैया केन्द्र में बैठी मोदी सरकार कर रही है। जिसके विरोध में विधानसभा अध्यक्ष किरण यादव के नेतृत्व में युवा कांग्रेसियो ने शनिवार को लवन के तहसील चौक में प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेसी मोदी का पुतला दहन करने में सफल रहे। वही, पुलिस पानी से बाल्टी लेकर पीछे दौड़ती नजर आई तब तक युवा कांग्रेसियों के द्वारा मोदी का पुतला दहन किया जा चूका था। इस दौरान किरण यादव, अजय ताम्रकार, अभिषेक पाण्डेय, अजय बार्वे, उमेश रात्रे, धर्मेन्द्र खुंटे, श्यामु विश्वकर्मा, विजय साहू, अश्वनी महिलांगे, दुर्गा मानिकपुरी, महेश कुर्रे, संदीप खुंटे, केशव रात्रे, यावेश प्रेमी, धनेश्वर साहू, राजेश कुर्रे, कली मुल्ला अंसारी, मनीष कात्रे, दिले साहू, युवराज, दिनेश नेताम, मोहित रजक, अजय सोनवानी, कोमल रात्रे, रविन्द्र जोशी, संदीप साहू, दीपक अनंत आदि शामिल थे।

# भाजयुमो ने भूपेश बघेल का किया पुतला दहन

जोहार छत्तीसगढ़-
सारंगढ़।

24 मार्च को भारत माता चौक में भाजयुमो प्रदेश के निर्देश पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला जलाया गया। बीते दिनों भाजपा कार्यालय रायपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा की गई मारपीट एवं कार्यालय के मुख्य गेट में कालिख पोतने की घटना को लेकर भाजयुमो के द्वारा पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया।




उक्त कार्यक्रम में पुलिस के साथ भाजयुमो सारंगढ़ की जमकर झूमाझटकी हुई किंतु अंततः भाजयुमो के टीम द्वारा भूपेश बघेल का पुतला जला दिया गया। कल के पुतला दहन के कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो के जिला कार्यकारिणी की टीम उपस्थित रहे एवं सारंगढ़ अंचल के सक्रिय पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे वही महिला मोर्चा की टीम भी उपस्थित रहीए भाजयुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा पुतला दहन के दौरान भूपेश बघेल मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।

## पुलिस के साथ हुई जमकर झूमा झटकी

*पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस की जमकर झूमाझटकी हुई गौरतलब है कि पुतला दहन को रोकने के लिए तकरीबन डेढ़ सौ से ज्यादा की संख्या में 24 तारीख को पुलिस उपस्थित रहे। ज्यादा पुलिस बल देखकर भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के गैर जिम्मेदारना कार्यप्रणाली के विरोध में भी नारे लगाए गए एवं उन पर पक्षपात के भी आरोप लगे पुलिस विभाग के कर्मचारी सिविल ड्रेस में भी वहां पर मौजूद रहे। उक्त पुतला दहन में वरिष्ठ पार्षद सत्येंद्र बरगाह, पार्षद मयूरेश केशरवानी, पार्षद अमित तिवारी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री राजा गुप्ता, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री हरीनाथ खूंटे, भीम केसरवानी, वरिष्ठ कार्यकर्ता संगीत सिंह ठाकुर, जय किशन पटेल, कैलाश पंडा, विशु शर्मा,कृष्ण कुमार महिलाने, संजू शर्मा, टार्जन महेश, आशुतोष गोस्वामी, महिला मोर्चा से रागिनी केसरवानी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नंदनी वर्मा, देव कुमारी लहरे, भाजयुमो कन्या शक्ति संयोजिका टिया चौहान, लाभांश गोस्वामी, यश कुमार यादव, मनोज जायसवाल, चिंतामणि साहू, किशन गुप्ता, उमेश विश्वकर्मा व भटगांव बिलाईगढ़ सरसिंवा, बरमकेला, सरिया से आये युवा हस्ताक्षरों समेत भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in